श्रावण शुक्ल पक्ष-9, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 54 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

भोपाल
13 अगस्त 2024 मंगलवार

# दोपहर मेट्रो
बेबाक खबर हर दोपहर

**आज का मौसम**
31 अधिकतम
24 न्यूनतम



Page- 7

## केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ आईसर के दीक्षांत समारोह में पहुंचे सीएम ने कहा...

# अर्थव्यवस्था का आधार अब नॉलेज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यहां भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आइसर) दीक्षांत समारोह का शुभारंभ किया और शैक्षणिक शोभायात्रा में शामिल हुए। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर गोवर्धन दास अतिथियों का स्वागत एवं अभिवादन अंग वस्त्रम और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इस मौके पर यादव ने कहा कि संपूर्ण विश्व तेजी से ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित हो रहा है । पेट्रोल को औद्योगिक क्रांति की धुरी माना जाता है, परंतु नॉलेज अर्थात ज्ञान 21वीं सदी की अर्थव्यवस्था का आधार है । ऐतिहासिक रूप से भारतीय ज्ञान परंपरा बहुत समृद्ध रही है। इसी का परिणाम रहा कि आक्रांताओं ने हमेशा हमारे ज्ञान के केंद्र को निशाना बनाया और उन्हें नष्ट करने की कोशिश की। मध्यप्रदेश में आईआईटी, आईआईएम, आईसर , ट्रिपल आईटी ,एन आई टी और आईआईएफएम जैसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थान विद्यमान है।अब राष्ट्रीय फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी का परिसर राष्ट्रीय महत्व का है।



**भारतीय परिधान में छात्र**

दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भारतीय परिधान कुर्ता पैजामा, साड़ी और सलवार सूट पहने।

### ज्यादा टैक्स इसलिए जरूरी: निर्मला

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा लोग यह सवाल करते हैं कि देश में इतने सारे टैक्स क्यों हैं। मैं चाहती हूं कि टैक्स जीरो पर लेकर आऊं। लेकिन, देश के सामने बहुत सारी चुनौतियां हैं। उसके लिए फंड की जरूरत है। अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर और देश को लेकर के बहुत सारे कमिटमेंट हैं। हम इस बात का इंतजार नहीं कर सकते हैं कि दूसरे हमको पैसे दें। इसीलिए हम खुद पैसा खर्चते है। उसके लिए बहुत सारे पैसों की जरूरत है।



### बड़े तालाब पर देश का सबसे ऊंचा तिरंगा लगेगा

इधर आज सुबह बोट क्लब पर आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में सीएम मोहन यादव ने कहा कि बड़े तालाब के बीचो बीच देश का सबसे ऊंचा तिरंगा लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में तिरंगा यात्रा कार्यक्रम उत्साह से मनाया जा रहा है। आज बड़े तालाब में नावों पर लहराते तिरंगे को देख मन खुश हो गया। इस मौके पर सीएम ने 'ये देश है वीर जवानों का' गाना भी गाया। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम क्रूज पर आयोजित किया गया। यादव ने गुब्बारे उड़ाकर इसे शुरू किया। इसके बाद मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने स्पोर्ट्स बोट में तिरंगा लेकर परेड की। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, सांसद आलोक शर्मा सहित पर्यटन विभाग के अधिकारी और भाजपा नेता मौजूद थे।

## रामरहीम को फिर जेल से 'छुट्टी' हनीप्रीत के साथ उप्र पहुंचा



**चंडीगढ, एजेंसी।**

हरियाणा में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच बाबा राम रहीम जेल से फिर बाहर आ गया है। सरकार ने उसे 21 दिन की फरलो दिया है। आज सुबह 6 बजकर 46 मिनट पर हनीप्रीत ने सुनारिया जेल से राम रहीम को लेकर यूपी के बरनावा आश्रम के लिए रवानगी भरी। बताया जाता है कि एक गाड़ी में हनीप्रीत के अलावा ड्राइवर राजा और सीपी अरोड़ा, जबकि दूसरी गाड़ी में ड्राइवर प्रीतम, एडवोकेट हर्ष अरोड़ा और डॉक्टर पीआर नैन थे। पुलिस सुरक्षा में राम रहीम को जेल से यूपी ले जाया गया है।

गुरमीत उर्फ रामरहीम को साध्वी दुष्कर्म मामले में वर्ष 2017 में सजा सुनाई गई थी। बाद में उसे छत्रपति हत्याकांड और रणजीत हत्याकांड में भी सजा हो चुकी है। तभी से वह सुनारिया जेल में बंद है। पिछली बार 19 जनवरी को सरकार ने रामरहीम को 50 दिन की पैरोल दी थी, जो यूपी के बरनावा आश्रम में व्यतीत की गई।

## भाजपा के नए अध्यक्ष की तलाश में मंथन का दौर



**नई दिल्ली ।** भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नेता इस वक्त नये पार्टी अध्यक्ष के नाम पर मंथन में जुटे हैं। सूत्रों का कहना है कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के निवास पर बीती रात करीब पांच घंटे चली बैठक में नए अध्यक्ष पर मंथन किया गया है। नए अध्यक्ष के लिए महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और सांसद अनुराग ठाकुर के नाम पर भी चर्चा की खबरें हैं। हालांकि आधिकारिक रूप से कोई कुछ नहीं कह रहा है। फडणवीस को आरएसएस की पसंद बताया जा रहा है, वहीं भाजपा के दिग्गज नेता अनुराग ठाकुर के हाथ में कमान देना चाहते हैं। बैठक में राजनाथ के अलावा अमित शाह और भाजपा महासचिव बीएल संतोष, आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबले, संयुक्त महासचिव अरुण कुमार मौजूद थे। बताया जाता है कि अब 31 अगस्त से 2 सितंबर तक केरल के पलक्कड़ में संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रस्तावित है। इससे पहले भाजपा अध्यक्ष तय होने की उम्मीद है।

## कोच्चि में एनआईए की छापेमारी, संदिग्ध नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई

**कोच्चि ।** एनआईए ने आज केरल के कोच्चि में कई ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी नक्सलवाद से जुड़े कुछ कथित संदिग्धों के ठिकानों पर हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एनआईए ने माओवादी नेता मुरलीधरन कन्नमपल्ली के ठिकानों पर छापेमारी की। छापा मारने वाली एनआईए टीम में आठ अधिकारी शामिल रहे। माओवादी नेता साल 2019 में पुणे की यरवदा जेल से रिहा हुआ था। वह साल 1976 में हुए कायन्ना पुलिस स्टेशन हमले में भी आरोपी है। करीब 40 वर्षों तक फरार रहने के बाद महाराष्ट्र की आतंकरोधी पुलिस ने साल 2015 में मुरलीधरन को गिरफ्तार किया था।

## आतिशी नहीं कर सकेंगी दिल्ली में झंडावंदन



**नई दिल्ली ।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मंशापुनसार उनकी जगह आतिशी को झंडा फहराने की मंजूरी नहीं मिली है। केजरीवाल ने जेल के भीतर रहते हुए यह इच्छा जताई थी कि 15 अगस्त को छत्रसाल स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम में आतिशी उनकी जगह झंडा फहराए। अब इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया है। इस प्रस्ताव को खारिज करते समय नियमों का हवाला दिया गया है।

## पतंजलि के खिलाफ अवमानना का केस कड़ी चेतावनी के साथ सुप्रीम कोर्ट में बंद

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

पतंजलि आयुर्वेद और योग गुरु स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उनके खिलाफ अदालत की अवमानना का केस बंद कर दिया है। कोर्ट ने दोनों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वे कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन जैसा कुछ भी करते हैं, जैसा कि पहले हुआ था, तो कोर्ट कड़ी सजा देगा। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने आज यह फैसला सुनाया। 14 मई को सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना नोटिस पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई की थी, जिसमें कोविड वैक्सीनेशन और एलोपैथी की बदनामी का आरोप लगाया गया था। कोर्ट ने 21 नवंबर को कहा था पतंजलि आयुर्वेद ने आश्वासन दिया था कि अब से किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होगा, विशेष रूप से उसके प्रोडक्ट्स के विज्ञापन या ब्रांडिंग के दौरान, साथ ही दवाओं के असर का दावा करने या किसी भी चिकित्सा पद्धति के खिलाफ कोई बयान किसी भी रूप में मीडिया को जारी नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने कहा था कि पतंजलि यह आश्वासन देने के लिए बाध्य है।



## कश्मीर में सेना के 3 ऑपरेशन एक साथ

**श्रीनगर, एजेंसी।**

जम्मू और कश्मीर में तीन दिनों से तीन अलग-अलग जगहों पर आतंकवाद विरोधी अभियान चल रहे हैं। यह जम्मू के किश्तवाड़ और उधमपुर और कश्मीर घाटी के अनंतनाग के कोकरनाग क्षेत्र में हैं। वहीं जम्मू कश्मीर पुलिस ने कठुआ जिले में नौ आतंकवादियों के सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। इनका कथित तौर पर जून और जुलाई के महीनों में जम्मू के कठुआ-बनिहाल-किश्तवाड़ क्षेत्र में सेना के चार जवानों की हत्या और अन्य हमलों से संबंध है।

ज्ञात हो कि रविवार तड़के किश्तवाड़ और उधमपुर में दो मुठभेड़ हुई थी। पुलिस ने कहा कि घुसपैठियों का पता करके कार्रवाई की जा रही है। वहीं 25 जुलाई से किश्तवाड़ क्षेत्र में चल रही वार्षिक माचैल यात्रा को कुछ देर के लिए रोक दिया गया। हालांकि क्षेत्र में नए सिरे से सुरक्षा बलों के पहुंचने के बाद इसे फिर से शुरू कर दिया गया। सेना, अर्धसैनिक बल और पुलिस की संयुक्त टीम इलाके में तलाशी अभियान चला रही है।



## 2 साल बाद एक हजार पुरुषों पर होंगी 952 महिलाएं


### लिंगानुपात को लेकर सरकारी रिपोर्ट में बड़ा दावा, आबादी होगी 152 करोड़

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

भारत में लिंगानुपात 2011 के प्रति एक हजार पुरुषों पर 943 महिलाएं के स्तर से बढकर 2036 में प्रति 1000 पुरुषों पर 952 महिलाएं होने की उम्मीद है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी 'भारत में महिला एवं पुरुष 2023' रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि 2036 में भारत की जनसंख्या में 2011 की जनसंख्या की तुलना में स्त्रियों की संख्या अधिक होने की संभावना है, जैसा कि लिंगानुपात में परिलक्षित होता है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2011 में प्रत्येक एक हजार पुरुषों पर 943 महिलाएं थी जो बढ?र 2036 तक प्रति एक हजार पुरुषों पर 952 हो जाने का अनुमान है, यह लैंगिक समानता में सकारात्मक चलन को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक 2036 तक भारत की जनसंख्या 152.2 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है, जिसमें महिलाओं का प्रतिशत 2011 के 48.5 प्रतिशत की तुलना में थोड़ा बढकर 48.8 प्रतिशत हो जाएगा। इसमें कहा गया कि 15 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों का अनुपात 2011 से 2036 तक घटने का अनुमान है, जिसका कारण संभवत- प्रजनन दर में कमी आना है। इसके विपरीत, इस अवधि के दौरान 60 वर्ष और उससे अधिक आयु की जनसंख्या के अनुपात में उल्लेखनीय वृद्धि का पूर्वानुमान है। 2016 से 2020 तक 20-24 और 25-29 आयु वर्ग में आयु विशिष्ट प्रजनन दर (एएसएफआर) क्रमशः 135.4 और 166.0 से घटकर 113.6 और 139.6 रह गई है।

### शिशु मृत्युदर में आई कमी

भारत ने समय रहते एमएमआर (2018-20 में 97/लाख जीवित जन्म) को कम करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है। मातृ मृत्यु अनुपात से तात्पर्य किसी वर्ष में प्रति 100,000 जन्म पर गर्भावस्था या प्रसव संबंधी जटिलताओं के परिणामस्वरूप मरने वाली महिलाओं की संख्या से है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों में बालक और बालिका दोनों में शिशु मृत्यु दर में कमी आई है।



**होल्ड पर पीसीसी**

### सभी राज्यों में काम की समीक्षा के कई दौर के बाद अध्यक्षों-प्रभारियों की बैठक

# मप्र कांग्रेस के शनिदोष निवारण के जतन दिल्ली में

**आशीष दुबे,भोपाल।**

मप्र कांग्रेस के भावी रूपरंग और आगामी कामकाज के संबंध में आज का दिन निर्णायक है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सभी राज्यों के कामकाज की समीक्षा कर रहे हैं, उन्होंने लोकसभा चुनाव नतीजों के मद्देनजर कुछ समय पहले ही राज्यों में कामकाज पर खिन्नता जताई थी। इसलिए माना जा रहा है कि आने वाले समय में कई राज्यों में पार्टी अध्यक्षों व प्रभारी महासचिवों को बदला भी जा सकता है। मप्र उन राज्यों की सूची में शामिल है जिसका लोकसभा में चुनावी प्रदर्शन बेहद कमजोर रहा है। यहां पहली बार कांग्रेस सभी सीटें हार गई है और इंदौर जैसी सीट पर भारी किरकिरी का सामना करना पड़ा है।

जानकार सूत्रों का कहना है कि खरगे सभी राज्यों को टारगेट देकर काम कराना चाहते हैं और इसके आधार पर संगठन व अध्यक्षों की रैंकिंग करना चाहते हैं, राहुल गांधी भी भाजपाशासित राज्यों में परंपरागत रूप से काम के बजाए नए तरीकों-तेवरों से कामकाज का ढर्रा बदलना चाहते हैं। ऐसे राज्यो में शामिल मप्र में कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सात महीने में अपनी कार्यकारिणी ही नहीं बना सके हैं, जबकि वे अपनी विस चुनावी हार के बावजूद कमलनाथ का सब्स्टिट्यूट बनाए गए थे। मप्र कांग्रेस मुख्यालय से लेकर जिलों तक भारी असमंजस का आलम है। उन्होंने दिसंबर महीने से ही गिने-चुने प्रभारी पदाधिकारियों के भरोसे पार्टी चलाई और इन्हीं के साथ लोकसभा चुनाव लड़ा। सूत्र बताते हैं, लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा व फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की रिपोर्ट के बाद ही मप्र में कार्यकारिणी गठन का मामला होल्ड कर दिया गया था। कांग्रेस के दिल्ली सूत्रों की मानें तो पार्टी कई राज्यों में बदलाव की इच्छुक है। खरगे को कई राज्यों के अध्यक्ष और प्रभारी महासचिवों के कामकाज की शैली पसंद नहीं आ रही है। उनका यह तक मानना है कि जब ओडीसा, गुजरात जैसे राज्यों में, जहां कांग्रेस का खास काम नहीं था, वहां भी एक एक सीट पर जीत मिल गई, तो मप्र में कांग्रेस का 'सब कुछ' होने के बावजूद जीरो कैसे आया? इसीलिए पार्टी कुछ दिनों से समूचे सांगठनिक ढांचे की समीक्षा में जुटी है।




### संगठन को सजाया जाता तो...

मप्र कांग्रेस के मुख्यालय पीसीसी को सजाने का दो महीने से चल रहा काम अब अंतहीन लगने लगा है। हर रोज इस इमारत के किसी न किसी तल पर नया रूप या रंग नजर आने लगता है। यहां काम करने वाले दो ढाई दर्जन कर्मचारी पहले तो खुश थे मगर अब बेजार हैं। वहीं कार्यकर्ता व नेता खिन्न दिखते हैं। वजह यह कि, बीते सात महीने में पीसीसी का संगठन नहीं सज सका। वहीं वास्तुदोष निवारण व भवन सज्जा के अतिरेक में पार्टी दफ्तर की टाइमिंग के बोर्ड जैसे मामले चटखारों के विषय बन रहे हैं। शुरूआती दौर में माना जा रहा था कि पटवारी होमवर्क कर रहे हैं। अब फुसफुसाहटें तेज हैं कि हाइकमान ने ही इस पूरी कवायद को 'होल्ड' पर रखने को कह दिया था।

# राजधानी की सभी सड़कें बदहाल





राजधानी लिंक रोड पर धूल से नहीं मिल रही निजात। सड़क किनारे चलना हो रहा मुश्किल।

## राजधानी में लगभग सभी मुख्य मार्ग की हालत खराब, बारिश से खुली घटिया निर्माण की कलई

# बारिश थमी है मगर दावे बेनकाब खराब सड़कों पर पैचवर्क भी घटिया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में करीब एक पखवाड़े से तेज बरसात का दौर थमा हुआ है, लेकिन लोकनिर्माण विभाग और नगर निगम बदहाल हुई सड़कों को नहीं सुधार पाया है। हालांकि दोनों ने दावा किया था कि वे सडकों के गढ्डे भरने और अन्य जरूरी रिपेयरिंग का अभियान चला रहे हैं। अभी यह आलम है कि पूरे शहर की सड़कों पर गड्ढे नजर आ रहे हैं। इससे न सिर्फ वाहन चालक परेशान हैं, बल्कि दुर्घटना भी हो रही हैं। दरअसल महकमों ने सड़कों पर जो पैचवर्क किया है वह भी घटिया ही निकला है। आलम यह है कि एक सड़क के एक सिरे से पैचवर्क होता है तो दूसरे सिरे तक पहुंचने से पहले ही सुधारी गई सडक फिर बदहाल हो जाती हैं। हाल में शहर के सात पार्षदों ने भी सड़कों की खराब हालात को लेकर अपनी नाराजगी जताई है।

दरअसल, सड़कों की खराब हालत को देखते हुए खुद कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ बैठक कर सड़कों के गड्ढे भरने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम और पीडब्ल्यूडी की ओर से अभी शहर में 50 से भी ज्यादा स्थानों पर पैचवर्क किए जा रहे हैं। पहले डामर सड़कों पर डामर से ही पैचवर्क किया जा रहा है। लेकिन, यह नहीं टिका तो इसके बाद कोल्ड इमल्शन की मदद से भी पैचवर्क किया गया। यह भी सफल नहीं हो पाया। इसके बाद डामर की सड़कों पर सीसी की पैच भी लगाकर देखे गए। लेकिन, यह भी कारगर नहीं हुआ। अब सड़कों के गड्ढे ब्लॉक लगाकर भरे जा रहे हैं। अब तक के अनुभव के आधार पर अधिकारियों का कहना है कि बाकी तरीकों के मुकाबले ब्लॉक लगाकर किया गया पैचवर्क बेहतर है। यह एक-दो महीने तो टिक ही जाता है। बारिश के बाद ब्लॉक निकालकर सड़कें बनाई जाएंगी।



### इन प्रमुख सड़कों पर चलना दूभर



शाहपुरा रोड पर प्रशासन अकादमी के सामने सडक बहुत बदहाल है। यह पंद्रह दिन में भी नहीं सुधर सकी है। इसी तरह न्यू मार्केट नीलबड़ रोड पर भदभदा चौराहे के पास तथा अशोका गार्डन क्षेत्र में मैन 80 फीट रोड ,जहांगीराबाद से जिंसी जाने वाली अंदर की रोड पर से लेकर बैरागढ़ मुख्य सड़क होशंगाबाद रोड पर 11 मील से एम्प्री की ओर वाले हिस्से में सडक ध्वस्त हो चुकी हैं। यह मुख्य सडकों की स्थिति है जबकि कालोनी के अंदर वाली सडके भी जर्जर हैं।

**पार्षद लामबंद:** खराब सड़को और रहवासियों की शिकायतों से तंग पार्षद भी इस मामले में लामबंद हो रहे हैं। वार्ड 25 के पार्षद जगदीश यादव, वार्ड 46 के पार्षद गुड्डू चौहान, वार्ड 29 की पार्षद वीनू मोनू सक्सेना, वार्ड 32 की पार्षद आरती राजू अनेजा, वार्ड 12 के पार्षद देवेंद्र भार्गव, वार्ड 5 के पार्षद अशोक मारन और वार्ड 22 के पार्षद समर हुजूर का कहना है कि गड्ढों से निकली गिट्टी और मिट्टी वाहनों के पहियों के कारण धूल बनकर उड़ रही है। वार्ड की लगभग सभी प्रमुख सड़कों पर उड़ती धूल और बिखरी गिट्टी से लोग परेशान हैं।


# इंडिया फाइट्स एचआईवी - एसटीआई सघन जागरुकता अभियान की शुरुआत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के नौ अन्य जिलों के साथ भोपाल में भी इंडिया फाइट्स एचआईवी, एसटीआई सघन जागरूकता अभियान शुरू हुआ। यह अभियान 12 अक्टूबर तक चलेगा। इस अवसर पर केंद्रीय जेल में जागरूकता एवं स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में टीबी, हेपेटाइटिस, एस टी आई, आरटीआई एवं एचआईवी एड्स सहित अन्य बीमारियों की जांच की गई। शिविर में 102 बंदियों की जांच हुई। इस अवसर पर जेल अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी सहित जेल कर्मी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। अभियान का उद्देश्य जन सामान्य में विशेष रूप से 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के बीच एचआईवी एड्स की जागरूकता को बढ़ाना है, जिससे वे अपनी सुरक्षा के प्रति सचेत हो सके।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि अभियान में एचआईवी संक्रमित एवं प्रभावित व्यक्तियों व बीमारी के प्रति व्याप्त भ्रांतियां को दूर करने के प्रयास होंगे।

**भोपाल में हुए कई कार्यक्रम:** स्वास्थ संस्थाओं , शैक्षणिक एवं




सामाजिक स्तर पर जागरूकता गतिविधियां की गई। एम्स में जागरूकता कार्यक्रम में टोल फ्री नंबर 1097 पर परामर्श लेने की जानकारी दी गई। जेके अस्पताल के सहयोग से बाबा नगर में परामर्श शिविर लगाया गया। काटजू चिकित्सालय द्वारा आर्य समाज स्कूल में , सिविल अस्पताल बैरागढ़ द्वारा साधु वासवानी कॉलेज में वरिष्ठ छात्र-छात्राओं के लिए परामर्श सत्र आयोजित किए गए। पीपल अस्पताल के माध्यम से आईसीटीसी सेंटर में जागरूकता कार्यक्रम किए गए।

# दुबई उड़ान से पहले एयरपोर्ट पर मनी एक्सचेंज काउंटर खुलेगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजा भोज एयरपोर्ट से इंटरनेशनल उड़ानें प्रारंभ होने से पहले ही मनी एक्सचेंज काउंटर खोलने की तैयारी है। इसके चलते भोपाल से दुबई, सिंगापुर, हांगकांग या अन्य किसी देश के लिए कनेक्टिंग उड़ान से जाने वाले यात्री भी करैंसी एक्सचेंज करा सकेंगे। एयरपोर्ट अथारिटी ने करीब ढाई माह पहले मनी एक्सचेंज काउंटर की स्वीकृति प्रदान की थी। अब इसे इसी माह इसे खोले जाने की तैयारी की गई है। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी के अनुसार रिजर्व बैंक से लाइसेंस प्रक्रिया पूरी होती ही एयरपोर्ट पर भारतीय रूपयों के बदले विदेशी मुद्रा मिल सकेगी। प्रमुख हवाई अड्डों पर पहले से ही मनी एक्सचेंज काउंटर हैं। भोपाल से दुबई जाने वाले यात्री दिल्ली, मुंबई या हैदराबाद से होकर होकर जाते हैं। ऐसे यात्री अब राजा भोज एयरपोर्ट पर ही भारतीय रूपये के बदले विदेशी मुद्रा प्राप्त कर सकेंगे। मुद्रा विनिमय सरकार द्वारा तय दर पर ही हो सकेगा।

दरअसल,अक्टूबर माह से शुरू हो



रहे विंटर शेड्यूल में भोपाल से दुबई उड़ान के साथ पहली इंटरनेशनल उड़ान प्रारंभ होने की संभावना है। यह उड़ान प्रारंभ होने के साथ ही भोपाल एयरपोर्ट विधिवत इंटरनेशनल एयरपोर्ट हो जाएगा। फिलहाल हमारे एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एवं कस्टम दर्जा तो प्राप्त है लेकिन एक भी अंतरराष्टीय उड़ान नहीं है।

# बांग्लादेश में जो घटित हो रहा है, उसे देखकर हिन्दुओं को एक होना चाहिए : मुकेश महाराज

### सुविध विहार कॉलोनी में शिवपुराण कथा




**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सुविध विहार कॉलोनी में चल रही महा मृत्युंजय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शिवपुराण कथा वाचक मुकेशजी महाराज कथा श्रद्धालुओं तक पहुंचा रहे हैं।

मुकेश जी महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा आज के समय में हिन्दुओं को जाति से उपर उठकर अपने सनातनी धर्म का परिचय देना चाहिए। बांग्लादेश में जो घटित हो रहा है उसे देखते हुए पूरे विश्व में हिंदुओं को एक होने की जरुरत है। ताकि हमारा धर्म संकट मे ना आए। मुकेशजी ने आगे कहा कि प्रभु कि भक्ति में लीन मानव को यश मान सम्मान और प्रतिष्ठा अपने आप मिलती है। प्रभु की भक्ति में लीन इंसान को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है लेकिन उन्हें घबराना नहीं चाहिए। संसार में बुराई करने वाले लोगों से कभी घबराइये मत।

कथा में एम के शर्मा, कमल हाडा ओ पी शर्मा, विष्णु श्रीवास्तव, वासु गुलानी, आरती असथाना, सुनील पुडीर, सुजाता शर्मा, नेहा खिड़वड़कर, कल्पना शाह, रामप्रसाद अस्थाना सहित कई गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित थे

# एटी शाहनी और सिंधु विद्यालय के चुनाव हुए, कोमल, सोनाक्षी अध्यक्ष बनी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

अनन्दराम टी. शाहानी कन्या विद्यालय एवं सिंधु माध्यमिक विद्यालय में छात्र परिषद के चुनाव हुए। एटी शाहनी स्कूल में सर्व सम्मति से अध्यक्ष कोमल नागदेव एवं सिंधु माध्यमिक विद्यालय मैरिट के आधार पर अध्यक्ष सोनाक्षी मेवा?ा चुनी गई।



नवयुवक सभा के अध्यक्ष शिक्षाविद विष्णु गेहानी, सचिव सुरेश राजपाल, समिति संरक्षक वासदेव वाधवानी, ओमप्रकाश टहलयानी, सुरेश जसवानी ने कहा कि स्कूलों में छात्र संघ चुनाव में प्रजातांत्रिक प्रणाली से चुनाव कराने का उद्देश्य बच्चों को चुनाव प्रणाली से अवगत कराना है। प्राचार्या ज्योति चौहान ने चयनित उम्मीदवारों को बधाई दी। एटी शाहनी स्कूल में अध्यक्ष कोमल नागदेव,उपाध्यक्ष भावना माली, सचिव कनक मालवीय, संयुक्त सचिव कंचन पाल, सांस्कृतिक सचिव चाहत मेवाड़ा, अनुशासन सचिव भूमिका बालचंदानी, कंप्यूटर सचिव सोनाक्षी तायडे, लाइब्रेरी सचिव पलक शर्मा, स्वास्थ्य सचिव भूमिका नरवरिया, भ्रमण सचिव शनी अहिरवार, कीड़ा सचिव वर्षा अहिरवार शिक्षा सचिव खुशी गोस्वामी और विशेष सचिव पायल गिदवानी चुने गए।

सिंधु माध्यमिक विद्यालय में अध्यक्ष सोनाक्षी मेवाड़ा, उपाध्यक्ष सुमित जयसवाल, सचिव जरीन कुरैशी,स्वास्थ्य सचिव यश यादव और विशेष प्रतिनिधि कशिश ज्ञानचंदानी चुने गए।

**मेट्रो एंकर**

## केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल का शपथ ग्रहण समारोह

# ‘शून्य से शिखर तक यात्रा के लिए अच्छी संगत जरूरी’

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

नवनिर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारी पद की गरिमा एवं कर्तव्यपरायणता को बनाए रखेंगे। विद्यालय जीवन में चाहे व्यवहार हो, अध्ययन हो उसमें स्वानुशासन बनाएंगे और साथियों को भी प्रेरित करेंगे। हर विद्यार्थी को अच्छे मित्र बनाना चाहिए जो आपके लक्ष्य प्राप्ति में सहायक हों और सदैव सत्य बोले, सत्य का मार्ग अपनाएँ। शून्य से शिखर तक पहुंचनें हेतु सेहत, समय, शिक्षा, संगत तथा सत्य को सदैव अपने साथ रखें।

यह विचार शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशन सोसायटी के अध्यक्ष सिद्धभाऊजी ने व्यक्त किए। वे केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल एवं कला लक्ष्मणदास वेंसिमल गंगवानी फाउंडेशन स्कूल करोंद, भोपाल में शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे।



कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुई। स्वागत, सामूहिक गीत से अतिथियों का स्वागत किया गया। सोसायटी के सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने कहा कि अध्ययनऔर अपने कार्यों के प्रति सदैव सजग रहें। प्राचार्या सुमन विश्वकर्मा ने भी विचार रखे।

साथ ही विद्यालय के हेडबॉय रणवीर सिंह को प्राचार्या ने विद्यालय का ध्वज सौंपा और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साधु वासवानी हाउस, स्वामी दयानंद हाउस, साधु हीरानंद हाउस और डॉ. राधा कृष्णन हाउस केइंचार्जेस और विद्यार्थियों को कर्तव्यनिष्ठता की शपथ दिलाई। सिद्धभाऊ एवं बूलचंदानी ने विद्यार्थियों को बैच और सेशै पहनाए गए। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर प्रीति भट्ट ने आभार व्यक्त किया। संचालन उरूसा अली और स्तुति भार्गव के द्वारा किया गया।

### नवनिध में विशेष सत्र

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में 10वीं की छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के लिए एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें सीबीएसई द्वारा निर्धारित नियमों, नीतियों एवं अपेक्षाओं के बारे में बताया गया। विद्यालय की कॉर्डिनेटर रिनी सुनील छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए होने वाली गतिविधियों के बारे में बताया। शिक्षिका कबिता मुखर्जी द्वारा अभिभावकों को सीबीएसई प्रश्न पत्र की अंक योजना, मूल्यांकन नीति एवं पूरे सत्र में होने वाली परीक्षाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्राचार्या अमृता मोटवानी ने मार्गदर्शन किया।

**पुस्तकालय दिवस:** मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल के पुस्तकालय विभाग ने राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस मनाया। गणितज्ञ पद्मश्री एस आर रंगनाथन को याद किया गया। विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए इंग्लिश हैण्ड राइटिंग प्रतियोगिता रखी गई थी, जिसमें विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा पहली से चौथी तक के विद्यार्थियों के लिए ‘प्रिय, सब कुछ छोड़ो और पढ़ो’ गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने 30 मिनिट पुस्तक पठन किया।

# हर घर तिरंगा अभियान :तीन रंगों से नहा रहा भोपाल का शहीद गेट

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर हर घर अभियान में गुरुनानक मंडल द्वारा भोपाल गेट को दिल्ली के लाल किले की प्रतिकृति के साथ तीन रंगों में सजाया गया हे जिसका शुभारंभ आतिशबाजी के साथ भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने किया। आलोक शर्मा ने कहा हर घर अभियान देशभक्ति और राष्टीय पहचान की भावना को मजबूत करते हुए नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के व्यापक अभियान की पहल का हिस्सा हे। मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने सभी भोपालवासी से आग्रह किया इस स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाने के लिए ‘हर घर तिरंगा’ अभियान का हिस्सा बनें। ईदगाह हिल्स स्थित भोपाल गेट पर आ कर अपनी तिरंगे वाली सेल्फी ले कर HarGharTiranga.com पर अपलोड करें और देशभक्ति की



इस भावना को हर घर तक पहुँचाएं।

**मातृभूमि ने वितरित किए तिरंगे:** सामाजिक संस्था मातृभूमि ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान के तहत ध्वज का वितरण किया। संस्था के अध्यक्ष राहुल राजपूत द्वारा संत हिरदाराम नगर में सामाजिक संस्थाओं व नागरिकों को झंडा किए। सिंधी महिला पंचायत की अध्यक्ष एवं स्कूल एसोसिएशन की किरण वाधवानी के साथ नागरिकों एवं बच्चों को तिरंगा वितरित किए। राजपूत ने कहा कि तिरंगा जब प्रत्येक नागरिक के घर पर फहराएगा तो देश के दुश्मनों को करारा जवाब इस अवसर पर हेमंत अग्रवाल, राजू थावानी, किशोर पहलाजानी, दीप झुरानी,

## मामला प्रदेश के सरकारी और निजी गोदाम में रखें गेहूं के खराब होने का

# किराए के खेल में सरकार को चूना और किसानों की कर रहे बदनामी

# मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने दिए जांच और कार्रवाई के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सरकार कोई भी हो लेकिन उसके नेतृत्व में काम करने वाली एजेंसियां प्रदेश की छवि को धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इस बार भी एक ऐसा ही मामला सामने आया है जिसमें अकेले सरकार की ही नहीं बल्कि अन्नदाता किसानों की भी बदनामी हो रही है। मामला प्रदेश के निजी और सरकारी गोदाम में रखे गेहूं के खराब होने, उसमें कीड़े पड़ने से जुड़ा है जिसके बाद विभागीय मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

**गोदाम में गेहूं के खराब होने का यह मामला :** कमिशन के खेल और सरकार से किराया वसूल से जुड़ा बताया जा रहा है जिसमें कुछ धन्ना सेठ नेताओं और नौकरशाही का हाथ है। असल में जिन गोदाम में गेहूं खराब होना बताया जा रहा है उनमें से 50त्न से ज्यादा गोदाम किसी न किसी धन्ना सेठ नेता और नौकरशाही से जुड़े लोगों के हैं जो खरीदी के समय बिना कुछ देखे दबाव डालकर समितियों के साथ सांठ गांठ करके माल अंदर भर लेते हैं ताकि उनको लंबे समय तक किराया मिलता रहे और उसे माल की देखरेख नहीं करते। यहां तक बताया जा रहा है कि माल खाली ना हो इसके लिए भी प्रपंच करते रहते हैं ताकि सरकारी किराया मिलना जारी रहे। उधर तब तक गोदाम में रखा अनाज सड़ने लगता है उसमें कीड़े लग जाते हैं और फिर विभाग की किरकिरी होती है और पूरा ठीक कर गोदाम की देखरेख करने वालों पर फोड़ा जाता है। सूत्रों के मुताबिक इस बार भी इसकी पटकथा लिख दी गई है केवल कार्रवाई होना बाकी है। इस पूरे मामले में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री गोविंद सिंह ने 3 दिन में जांच के निर्देश दिए हैं। लापरवाही बरतने वाले अधिकारी, कर्मचारियों पर कार्यवाही करने को कहा है।



### विभाग में मानी गड़बड़ी

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अधिकारियों ने माना कि रबी उपार्जन वर्ष 2024-25 का लगभग 100 गोदामों में रखे गेहूं में कीड़े हो गए हैं। जिसे अपग्रेड करने की जरुरत है। असल में उक्त गेहूं को भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने उठाने से मना कर दिया था। वजह बताई थी कि गेहूं की गुणवत्ता ठीक नहीं है, कीड़े भी लगे हुए हैं। जिसके बाद जांच कराई गई तो एफसीआई की आपत्ति सही पाई गई। बताया जा रहा है कि ये 100 गोदाम भोपाल व नर्मदापुरम संभाग के हैं। जिनमें मानक स्तर का गेहूं नहीं है। एफसीआई ने पूर्व में उक्त गोदामों के मालिकों और विभाग को गुणवत्ताहीन गेहूं को अपग्रेड करने के निर्देश दिए थे तब भी सुधार नहीं किया गया। बताया जाता है कि उक्त लापरवाही के पीछे गोदाम मालिक, वेयर हाउसिंग के कुछ वरिष्ठ अधिकारी और ऐसे गेहूं की खरीदी करने वाली कुछ सहकारी समितियों के प्रबंधक है लेकिन विभाग अब इन गोदामों के प्रबंधकों पर ठीकरा फोड़ने की कवायद में जुटे हुए हैं।

# मंत्रियों को जिलों के प्रभार में सीएम और सिंधिया खेमे का रहा दबदबा

## लंबे इंतजार के बाद देर रात मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को बांटे जिलों के प्रभार

## प्रभारी मंत्री करेंगे जिलों का दौरा, 15 अगस्त के मुख्य कार्यक्रम में होंगे शामिल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



आखिरकार लंबे इंतजार के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोमवार की देर रात अपने मंत्रियों को जिलों के प्रभार बांट दिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने पास इंदौर जिला रखा जबकि बाकी मंत्रियों के बीच जिलों का बंटवारा किया। मंत्रियों को दिए गए प्रभार में खुद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और कांग्रेस से भाजपा में आकर प्रभावी राजनीति कर रहे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया खेमे का दबदबा दिखा। लंबे समय बाद किसी मुख्यमंत्री ने अपने पास जिला रखा, इतना ही नहीं मुख्यमंत्री ने अपने गृह जिले उज्जैन का प्रभार भी अपने करीबी कहे जाने वाले राज्य मंत्री गौतम टेटवाल को दिया और जबलपुर, भोपाल भी अपने करीबी मंत्रियों को सौंपे। उधर ग्वालियर जिले का प्रभार सिंधिया खेमे से मंत्री तुलसीराम सिलावट और उनके गृह लोकसभा सीट वाले गुना जिले का प्रभार मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को दिया। जबकि सीनियरिटी रखने वाले केंद्र से लौटे मंत्री प्रहलाद पटेल, राकेश सिंह और उदय प्रताप सिंह जैसे मंत्रियों को दूर के जिले दिए गए। इसके अलावा भी शिवराज गुट के किसी मंत्रियों को इंदौर, उज्जैन भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर जैसे बड़े जिले नहीं दिए गए। जानकारों की मानें तो दिल्ली में हाइकमान की हरी झंडी के बाद यह सूची जारी हो सकी है। हाइकमान का हस्तक्षेप इसलिये भी रहा ताकि मंत्रियों में मैसेज रहे कि यह दिल्ली की मर्जी है।

| मंत्री | प्रभार जिला |
|---|---|
| मोहन यादव | इंदौर |
| जगदीश देवड़ा | जबलपुर, देवास |
| राजेन्द्र शुक्ल | सागर, शहडोल |
| विजय शाह | रतलाम, झाबुआ |
| कैलाश विजयवर्गीय | सतना, धार |
| प्रहलाद पटेल | भिण्ड, रीवा |
| राकेश सिंह | छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम |
| करण सिंह वर्मा | मुरैना, सिवनी |
| उदय प्रताप सिंह | बालाघाट, कटनी |
| संपतिया उइके | सिंगरौली, अलीराजपुर |
| तुलसी सिलावट | ग्वालियर, बुरहानपुर |
| एदल सिंह कंसाना | दतिया, छतरपुर |
| निर्मला भूरिया | मंदसौर, नीमच |
| गोविंद सिंह राजपूत | नरसिंहपुर, गुना |
| विश्वास सारंग | खरगोन, हरदा |
| नारायण सिंह कुशवाह | शाजापुर, निवाड़ी |

| मंत्री | प्रभार जिला |
|---|---|
| नागर सिंह चौहान | आगर, उमरिया |
| प्रद्युम्न सिंह तोमर | शिवपुरी, पांढना |
| चेतन काश्यप | भोपाल, राजगढ़ |
| इंदर सिंह परमार | पन्ना, बड़वानी |
| राकेश शुक्ला | श्योपुर, अशोकनगर |
| रामनिवास रावत | मंडला, दमोह |
| कृष्णा गौर | सीहोर, टीकमगढ़ |
| धर्मेन्द्र सिंह लोधी | खण्डवा |
| दिलीप जायसवाल | सीधी |
| गौतम टेटवाल | उज्जैन |
| लखन पटेल | विदिशा, मउगंज |
| नारायण सिंह पवार | रायसेन |
| नरेन्द्र शिवाजी पटेल | बैतूल |
| प्रतिमा बागरी | डिण्डोरी |
| दिलीप अहिरवार | अनूपपुर |
| राधा सिंह | मैहर |

## मंत्रियों को दो दिन भोपाल में लगाना है दरबार, लेकिन अब तक शुरुआत नहीं

### सत्ता व संगठन ने मिलकर किया है तय

**भोपाल।** मंत्रियों को दो दिन भोपाल में दरबार लगाकर जनता से लेकर जनप्रतिनिधियों को सुनना है। उनके कामों को आसान बनाना है, सभी योग्य मदद पहुंचानी है। यदि काम में कोई अफसर अडंगे लगा रहे हैं तो उनकी क्लास लेनी है। यह सत्ता और संगठन ने मिलकर तय किया है लेकिन अब तक एक भी मंत्रियों ने दरबार की शुरुआत नहीं की है। हालांकि पूर्व की तरह कई मंत्री भोपाल में आते हैं, रहते हैं और अपने—अपने लोगों से मेल—मुलाकात भी करते हैं।

**सरकार को आठ महीने, सुनवाई की गति नहीं बढ़ी:** मोहन सरकार को आठ महीने पूरे हो गए हैं। अब तक कामों की गति जैसी बढ़नी चाहिए वैसी नहीं है। इसी बात से कई जनप्रतिनिधि खफा है जिसके बाद ही संगठन तक यह बात आ रही है कि सुनवाई नहीं हो रही है। संगठन ने तय किया है कि इस गैप को खत्म् किया जाकर जिस जनता और जनप्रतिनिधियों की मदद से सरकार बनी है उनकी सबसे पहले सुनवाई हो। सूत्रों के मुताबिक सोमवार से बुधवार के बीच प्रत्येक सप्ताह में दो दिन मंत्रियों को भोपाल में रहना होगा। यह बात पहले से जनता व जनप्रतिनिधियों को पता होगी। वे संबंधित मंत्रियों से कामकाज कराने के लिए आ सकेंगे। यदि किसी अधिकारी की कोई शिकायत होगी तो उसे तलब किया जाएगा और संबंधित से उसका आमना—सामना कराया जाएगा। इस तरह कामों में रुकावट को दूर करने की कवायद चल रही है। असल में कैबिनेट बैठक प्रति मंगलवार होती है, जिसमें मंत्री शामिल होने के लिए भोपाल में ही रहते हैं। इसके एक दिन पहले से या इसके एक दिन बाद तक मंत्री आसानी से भोपाल में प्रवास कर सकते हैं।

## छात्रों के पास करियर बनाने के असीमित अवसर: उदयप्रताप




### पीएसएससीआईवीई में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री ने तीन दिवसीय बूटकैंप का शुभारंभ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने राजधानी स्थित पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पीएसएससीआईवीई) में आयोजित तीन दिवसीय बूटकैंप का शुभारंभ किया। यह बूटकैंप 14 अगस्त 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उदय प्रताप सिंह, विशेष अतिथि दौलतराम इंजीनियरिंग सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड के महाप्रबंधक सी.पी. शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष पीएसएससीआईवीई के संयुक्त निदेशक डॉ. दीपक पालीवाल, कृषि एवं पशुपालन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आर.के. पाठक, कार्यक्रम संयोजक डॉ. आर. रविचंद्रन, संस्थान के संकाय सदस्य और 11 स्कूलों के लगभग 100 छात्र-छात्राएं मौजूद थे। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि स्कूल का समय बच्चों के लिए अपनी क्षमताओं को पहचानने और उन्हें विकसित करने का महत्वपूर्ण दौर होता है। इस तरह के बूटकैंप्स से बच्चों को अपनी स्किल्स को पहचानने और सही दिशा में मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिलता है। आज के दौर में हमारे देश में बच्चों के पास विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने के असीमित अवसर हैं और यह बूटकैंप उन्हें उन अवसरों का लाभ उठाने में मदद करेगा। शिक्षा कभी व्यर्थ नहीं जाती और इसे प्राप्त करने के हर अवसर का सदुपयोग किया जाना चाहिए।

**अनुभवात्मक शिक्षा एवं प्रतिस्पर्धा:** बूटकैंप का विषय अनुभवात्मक शिक्षा एवं प्रतिस्पर्धा है, जिसमें छात्रों को उनके भविष्य के करियर के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस बूटकैंप में छात्रों को विभिन्न आधुनिक तकनीकों और करियर विकल्पों की जानकारी दी जा रही है, जिनमें ड्रोन उड़ाने की तकनीक, 3डी प्रिंटिंग, ब्लॉक प्रिंटिंग, और खेती-किसानी जैसे विषय शामिल हैं।

**नौकरी मांगने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनें: शर्मा-** इस अवसर पर सी.पी. शर्मा ने कहा कि एक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हमें न केवल कार्य करने की आवश्यकता है, बल्कि हमें स्मार्ट वर्क करना होगा, जो हमारे स्किल्ड होने से ही संभव हो सकेगा। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि अनुभव से सीखी हुई स्किल कभी बेकार नहीं जाती। मैंने भी अपने जीवन में कोई औपचारिक इंजीनियरिंग की पढ़ाई नहीं की, लेकिन आज मैं एक सफल इंजीनियरिंग कंपनी चला रहा हूं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप कौशल सीखें, ताकि आपको नौकरी की तलाश करने की जरूरत न पड़े, बल्कि आप खुद एक दिन नौकरी देने वाले बन सकें।

## शिक्षकों के आमंत्रण प्रक्रिया की तारीख बढ़ी, अब 17 अगस्त अंतिम तिथि

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस के बाद स्कूलों में शिक्षकों के खाली पदों पर अतिथि शिक्षकों की ज्वाइनिंग कराई जाएगी। तीनों वर्गों में अतिथि शिक्षकों की भर्ती 20 अगस्त तक पूरी कर ली जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए अतिथि शिक्षकों के आमंत्रण प्रक्रिया की तारीख बढ़ा दी है। अब प्रक्रिया 17 अगस्त बढ़ा दी है। इसके तहत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में जिन स्कूलों में अतिथि शिक्षक को आमंत्रित किया है और पोर्टल पर रिक्त पद प्रदर्शित हैं। वहां जीएफएमएस पोर्टल पर ज्वाइनिंग की प्रविष्टि के लिए प्रक्रिया तय की गई है। अतिथि शिक्षक द्वारा जीएफएमएस पोर्टल पर ज्वाइनिंग दर्ज करना और स्कूल प्रभारी से प्राप्त ज्वाइनिंग पत्रक की प्रति को पोर्टल पर अपलोड करने की प्रक्रिया 17 अगस्त तक होगी। स्कूल प्रभारी द्वारा जीएफएमएस पोर्टल पर ज्वाइन किए अतिथि शिक्षक का प्रमाणीकरण भी होगा। बता दें कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में करीब 70 हजार पद खाली हैं। इस कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

## ‘एड्स की जानकारी, उपचार के प्रति जागरूकता एड्स से लड़ाई में अहम’

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

‘प्रिवेंशन इज बेटर दैन क्योर’ यदि हम अपने स्वास्थ्य के प्रति और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक रहेंगे, नियमित जांच करायेंगे तो हम बीमारी के दुष्चक्र से बाहर रहेंगे। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना और ख़तरों के प्रति सचेत रहना महत्वपूर्ण है। उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने वीडियो संदेश के माध्यम से सभी नागरिकों से प्रदेशव्यापी इंडिया फ़ाइट्स एचआईवी एंड एसटीआई अभियान में सहभागिता की अपील की। शुक्ल ने कहा कि एड्स के संक्रमण के कारण, बचाव एवं उपचार के प्रति नागरिकों और युवाओं की जागरूकता इसके नियंत्रण के लिए आवश्यक है। लापरवाही से यह गंभीर बीमारी जानलेवा भी साबित हो सकती है। एचआईवी-एड्स के बारे में सही जानकारी को प्राप्त करना, जोखिम व्यवहार पर एचआईवी की जांच कराना और एचआईवी-पॉजिटिव की स्थिति में जल्दी एआरटी उपचार शुरू करना।

## 25 अगस्त को मप्र न्यायाधीश संघ के होंगे चुनाव

### 21 से 23 अगस्त तक नामांकन फॉर्म भरे जाएंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में जिला न्यायाधीश संघ के चुनाव के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जिसके अनुसार, चुनाव के लिए 21 से 23 अगस्त तक नामांकन फॉर्म भरे जाएंगे। मप्र न्यायाधीश संघ के अध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों के लिए 25 अगस्त को मतदान होगा। न्यायाधीश संघ का ये दूसरी बार चुनाव होने जा रहा है। हाईकोर्ट रजिस्ट्रार जनरल मध्य प्रदेश द्वारा जारी किए पत्र पर मुख्य चुनाव अधिकारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश इंदौर ने ऑनलाइन चुनाव का टाइम टेबल जारी किया है। 21 अगस्त सुबह 10 बजे से 23 अगस्त शाम 5 बजे तक नामांकन भरे जाएंगे। 24 अगस्त दोपहर 1 बजे तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। 24 अगस्त दोपहर 1 बजे तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। 24 अगस्त को ही दोपहर 3 बजे उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी हो जाएगी। 25 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक न्यायिक अधिकारी ऑनलाइन वोट करेंगे और वोटिंग समाप्त होने के मात्र 15 मिनट बाद दोपहर 3 बजकर 15 मे निर्वाचित अभ्यर्थियों के नामों की घोषणा हो जाएगी।

**मेट्रो एंकर**

### राज्यपाल ने ऑनलाइन अवकाश प्रबंधन प्रणाली का किया शुभारम्भ

# ‘प्रभावी व्यवस्थाओं के लिए नवाचार जरूरी’

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने ऑनलाइन विश्वविद्यालय अवकाश प्रबंधन प्रणाली का राजभवन में शुभारम्भ किया। उन्होंने कुलगुरु के अवकाश प्रबंधन प्रणाली सॉफ्टवेयर को रिमोट का बटन दबाकर लांच किया। राज्यपाल पटेल ने कहा कि व्यवस्थाओं को प्रभावी और सुचारू बनाने के लिए निरंतर नवाचार किए जाने चाहिए। उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्थाओं को पारदर्शी और सटीक बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग किए जाने की जरूरत बताई है।राज्यपाल श्री पटेल ने विश्वविद्यालयों के कुलगुरु से ऑन लाइन चर्चा भी कर सॉफ्टवेयर के संचालन और सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।



राज्यपाल के प्रमुख सचिव मुकेश चंद गुप्ता ने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्थाओं के प्रभावी और व्यावसायिक संचालन के लिए अवकाश प्रबंधन प्रणाली महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने बताया कि अवकाश प्रबंधन प्रणाली के उपयोग से कागजी कार्रवाई में काफी कमी होगी। प्रशासनिक व्यवस्थाओं में लगने वाले समय की बचत होगी। अवकाश व्यवस्थाओं का प्रबंधन सरलता, पारदर्शिता और सटीक रूप से होगा। गुप्ता ने बताया कि प्रणाली में शेष अवकाश का विवरण स्वचालित रूप से अपडेट होता रहेगा। वास्तविक समय की जानकारी और अपडेट्स डैशबोर्ड पर निरंतर मिलते रहेंगे। डैशबोर्ड पर सिंगल क्लिक पर अवकाश हेतु कुल आवेदन, स्वीकृत आवेदन, लंबित आवेदन, अस्वीकृत आवेदन, प्रमुख सचिव को वापस भेजे गए आवेदन और कुलगुरू/कुलपति को वापस भेजे गए आवेदनों की स्थिति उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट का कार्य राजभवन आई.टी. सेल के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड द्वारा किया गया। राज्यपाल के अपर सचिव उमाशंकर भार्गव, विधि अधिकारी उमेश कुमार श्रीवास्तव, राजभवन आई.टी सेल के प्रभारी जितेंद्र पाराशर, संयुक्त संचालक मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड डॉ. धर्मेंद्र कोष्टा, प्रोजेक्ट मैनेजर कृष्ण गोपाल त्रिपाठी अन्य अधिकारी उपस्थित थे। लोकार्पण कार्यक्रम में प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलगुरु ऑनलाइन शामिल हुए।




संपादकीय

# फिर वही अपराध, वही सवाल

महिला सुरक्षा के सवाल शहर या समाज में जितने सख्त हैं, उतने ही उन स्थानो पर भी हैं जो अपेक्षाकृत सुरक्षित समझे जाते हैं। यह सवाल हाल में कोलकाता से फिर उभरा है और पूरे देश में सरकारी प्रतिष्ठानों से जवाब मांग रहा है। कोलकाता के सरकारी मेडिकल कालेज में प्रशिक्षु डाक्टर के साथ बलात्कार और वीभत्स तरीके से उसकी हत्या ने सभी को विचलित कर रखा है। चिकित्साकर्मियों की सुरक्षा को लेकर यूं तो अनेक बार सवाल उठते रहे हैं। खासकर रात के वक्त उनकी सुरक्षा के विशेष प्रबंध की जरूरत रेखांकित की जाती है। मगर इस तकाजे पर गंभीरता से ध्यान कम ही दिया जाता है। इसी का नतीजा है कि सेवा के समय अक्सर महिला स्वास्थ्य कर्मियों के साथ यौन उत्पीड़न की घटनाएं सामने आ जाती हैं।? अब सरकारी मेडिकल कालेज में प्रशिक्षु चिकित्सक की हत्या इसकी एक कड़ी है। प्राथमिक जांच से पता चल चुका है कि उस चिकित्सक का बलात्कार किया गया और फिर उसे मार डाला गया। उसका शव अस्पताल के सम्मेलन कक्ष में पाया गया। शव परीक्षा में उसके शरीर पर जगह-जगह गंभीर चोटें पाई गई हैं। हालांकि अस्पताल के कैमरों से मिली तस्वीरों के आधार पर एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीडिता के माता-पिता से मिलकर इस मामले पर खासा सख्त रुख भी दिखाया है। मगर इस घटना को लेकर अस्पताल कर्मियों और चिकित्सा छात्रों का रोष कम नहीं हो रहा है। कल देशभर में रेजीडेंट्स डाक्टर्स ने हडताल करके नाराजगी व्यक्त की। इस घटना की जांच के लिए राज्य सरकार ने सात सदस्यों का विशेष जांच दल नियुक्त कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अगर पी?ता के परिजन चाहें तो वे इसकी सीबीआइ जांच के आदेश भी देने को तैयार हैं। मगर सवाल है कि आखिर इस तरह का साहस किसी में आया कैसे, कि उसमें कानून का जरा भी भय पैदा क्यों नहीं हुआ। अगर कानून-व्यवस्था का खौफ होता और अस्पताल प्रशासन मुस्तैद रहता, वहां सुरक्षा इंतजाम पुख्ता होते, तो ऐसी वारदात होने ही न पाती। अच्छी बात है कि सरकार इस मामले पर किसी तरह की लीपापोती करने का प्रयास नहीं कर रही है, मगर सवाल है कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर वहां इतनी लचर व्यवस्था क्यों है कि ऐसी घटनाएं हो जाती हैं। यह केवल किसी एक राज्य या शहर के अस्पताल तक सीमित समस्या नहीं है। सामान्य रूप से भी घर से बाहर निकलते वक्त महिलाएं सशंकित रहती हैं कि उनके साथ कुछ अनहोनी न घट जाए। अगर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री सचमुच महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर हैं, तो उन्हें इस दिशा में व्यावहारिक कदम उठाने का प्रयास करना चाहिए। जहां तक ऐसे मामले की बात हैं तो दिल्ली का निर्भया कांड के बाद देशभर में नाराजगी और गुस्सा उभरा था और कई नये कानून भी बन गये थे। मगर इसके बाद भी कई बलात्कार और इसी तरह हत्या या हत्या के प्रयास के मामले सामने आते रहे हैं। समाज के सभ्य होने का गुमान इसी तरह की घटनाओं से न सिर्फ बार बार टूटता है बल्कि विकृत होती सोच और दुस्साहसों पर जवाब मांगता है। हालांकि यह सिर्फ भारत की समस्या ही नहीं है बल्कि कई देश महिलाओं पर इस तरह के अपराधों के मामले से जूझ रहे हैं। इसीलिये सरकारों को चाहिये कि वे बहुत संवेदनशीलता के साथ महिला सुरक्षा के बारे में व्यापक उपायों पर विचार करे और कदम आगे बढ़ाए।

लोग शायद ही कभी वह करते हैं जिस पर वे विश्वास करते हैं। वे वही करते हैं जो सुविधाजनक होता है, फिर पश्चाताप करते हैं।

– बॉब डिलन

## आज का इतिहास

- 1793 लौवर आज दुनिया का सबसे अधिक प्रतीक्षित संग्रहालय, आधिकारिक तौर पर 537 चित्रों की प्रदर्शनी के साथ पेरिस में खोला
- 1793 पेरिस में लूव्र संग्रहालय का उद्घाटन हुआ। 200 साल पुराने पश्चिमी कला इतिहास इस संग्रहालय में दर्ज है और इनमें से एक है मोनालीसा।
- 1808 कार्ल वॉन डोबेलेन के अंतर्गत सैनिकों ने काहोजोकी में एक रूसी हमले को हराया।
- 1809 इक्वाडोर ने स्पेन से स्वतंत्रता की घोषणा की।
- 1821 मिसौरी को 24 वें अमेरिकी राज्य के रूप में स्वीकार किया गयौ।
- 1822 सीरिया में विनाशकारी भूकंप से 20,000 लोगों की मौत हुई
- 1826 पहली काउस्ज़ रेगुटा यूनाइटेड किंगडम में आइल ऑफ विट पर आयोजित की गयी।
- 1829 फिनसेराहॉर्न की पहली चढ़ाई की गयी, बर्नानी आल्प्स की सर्वोच्च शिखर है।
- 1861 अमेरिकी गृहयुद्ध- विस्मसन की क्रीक की लड़ाई, मिस्सिप्पी नदी के पश्चिम का पहला बड़ा युद्ध।
- 1864 उरुग्वे की गवर्निंग ब्लैंको पार्टी ने ब्राजील की मांगों से इनकार करने के बाद, जोस एंटोनियो सरायवा ने घोषणा की कि ब्राजील की सेना उरुग्वे युद्ध की शुरुआत करते हुए विद्रोह शुरू करेगी।
- 1901 आयरन, स्टील और टिन वर्कर्स के अमलगमेटेड एसोसिएशन ने गिरावट को कम करने और नए सदस्यों को व्यवस्थित करने के लिए अंततः एक असफल हड़ताल की।
- 1939 डिर्क जन डे गेयर नीदरलैंड के प्रधानमंत्री बने।
- 1944 जर्मन सेना की टुकड़ी नरवा ने सोवियतनलिनग्राद फ्रंट को रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण नरवा इस्तमुसिन एस्टोनिया पर कब्जा करने से रोक दिया।
- 1960 हेरलड्री संस्थान संयुक्त राज्य अमेरिका सेना के जनरल ऑर्डर नंबर 29 के तहत बनाया गया।

## निशाना

### हुआ नहीं सुधार !



- कृष्णेन्द्र राय

थमा नहीं है सिलसिला ।
है अंदर मतभेद ।।
कार्यकर्ता व्यक्त भले ।
कर चुके हों खेद ।।
चल रहा तमाशा ।
हुआ ना सुधार ।।
बार-बार पार्टी को ।
मिल रहा उपहार ।।
राह नहीं आसान ।
अनबन चलने वाली ।।
चाहता ना कोई ।
रहे ये हाथ ख़ाली ।।
दिल्ली आना जाना ।
हो रहा कुछ ज़्यादा ।।
है बड़ा सवाल ।
क्या कुछ है इरादा ।।

### इंडिया गठबंधन और भाजपा की भिड़ंत ओलंपिक हॉकी मैच की तरह

# दबाव की राजनीति से अपने एजेंडे को भाजपा से लागू करवा रहे राहुल

■ शेखर गुप्ता



राजनीति के पेंचों को समझने के लिए अक्सर हम क्रिकेट के खेल में उभरने वाली स्थितियों का उदाहरण देते रहे हैं. लेकिन फिलहाल तो ओलंपिक और यूरो-2024 का मौसम चल रहा है. इसलिए फुटबॉल और हॉकी से उपमाएं लेना उचित होगा. सो, हम यह देखेंगे कि हॉकी या फुटबॉल के खेल में आने वाले दिलचस्प मोड़ों के उदाहरण किस तरह हमारी राष्ट्रीय राजनीति में आने वाले मोड़ों पर लागू होते हैं, जिनके संकेत संसद के इस मॉनसून/बजट सत्र में मिले हैं। याद कीजिए कि इस ओलंपिक में हॉकी के क्वार्टर फाइनल मैच में 42 मिनट तक भारत किस तरह ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 10 खिलाड़ियों के साथ खेला। इसका फायदा उठाकर ग्रेट ब्रिटेन भारत पर लगातार जम कर हमले करता रहा, जबकि भारत अपने खिलाड़ियों को अग्रिम मोर्चे पर बनाए रखने के लिए संघर्ष करता रहा। लेकिन कभी-कभी जैसा वे खेल दिखाते रहे हैं, खेल को उन्होंने नाटकीय मोड़ दे दिया। इसे लंबे समय तक बिल्कुल बचाव (इस मामले में दीवार बनकर खड़े थे शानदार गोलकीपर पी।आर। श्रीजेश) के लिए मजबूर किए जाने पर जवाबी हमले की मिसाल कहा जाता है। आज राष्ट्रीय राजनीति में भी यही हो रहा है। 4 जून ने यह साफ कर दिया था कि 2024 के आम चुनाव ने राष्ट्रीय राजनीति के समीकरण को बदल दिया है। एक दशक से भारी दबाव और नाउम्मीदी झेल रहे पूरे विपक्ष ने बड़ी मेहनत से जवाबी हमला करने का मौका बना लिया है। वैसे, व्यापक तौर पर यह उम्मीद भी नहीं की जा रही थी कि जवाबी हमला करने की ताकत इतनी मजबूत हो जाएगी कि विजेता अपने इरादे और अपनी चालें बदल देगा। लेकिन यह जरूर हुआ कि जिस राहुल गांधी का इतना मखौल उड़ाया गया जितना हमारे इतिहास में दूसरे किसी नेता का नहीं उड़ाया गया होगा, उन्हें आज बिल्कुल दूसरी नजर से देखा जा रहा है। अब निष्पक्ष होकर यह देखें कि क्या कुछ हो रहा है। कॉंग्रेस पार्टी ने इस चुनाव अभियान में जो विचार और मुद्दे उभारे उनकी एक सूची यहां दी जा रही है– युवाओं में बेरोजगारी बड़ी है, ज्यादा रोजगार पैदा करने के लिए सब्सिडी दी जाए और प्रशिक्षण की योजना बनाई जाए। गरीबों, बेरोजगारों और किसानों को नकदी भुगतान के जरिए मदद की जाए। सभी बड़ी फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाए और किसानों के कर्ज माफ किए जाएं। अग्निपथ योजना पर सवाल खड़े किए। राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना करवाई जाए और उसके आधार पर हर एक वर्ग को उसकी संख्या के अनुपात में सरकारी लाभ और सहायता दी जाए। इनमें से कई मुद्दों को भाजपा ने झूठ बताकर खारिज कर दिया। जाति संबंधी सभी मसलों से कन्नी काट ली और जवाब में हिंदू भावनाओं को उभारने की कोशिश की।वास्तव में, कॉंग्रेस के जातीय जनगणना और वितरणवादी समाजवादी नजरिए को 'रेवड़ी' बताकर उपेक्षित कर दिया गया। सीधे शब्दों में कहें तो यह कहा गया कि कॉंग्रेस मुफ्त के प्रलोभन देकर वोट खरीदना चाहती थी। अब हम यह देखें कि इन दिनों क्या-क्या होता रहा है। मोदी की तीसरी सरकार ने राहुल/कॉंग्रेस के जिन विचारों को बेमानी और मज़ाक बताकर खारिज कर दिया था उससे वह तुरंत पलट गई और उनमें से कई को अब लागू करने में जुट गई है। उदाहरण के लिए– बेरोजगारी की चुनौती से निपटने के लिए बजट में काफी आवंटन और वादे किए गए हैं। ज्यादा रोजगार देने वाली कंपनियों के लिए प्रोत्साहनों की घोषणा की गई है, और अगले पांच वर्ष में 1 करोड़ युवाओं के लिए प्रशिक्षण (इंटर्नशिप) की योजना घोषित की गई है। भाजपा शासित राज्यों में, खासकर उनमें जहां चुनाव होने वाले हैं, कृषि एमएसपी का विस्तार किया जा रहा है। उदाहरण के लिए, हरियाणा की सरकार ने सभी 24 बड़ी फसलों के लिए एमएसपी की घोषणा की है जबकि वहां अभी तक 14 फसलों के लिए ही एमएसपी दी जाती थी। अखबारों में इन दिनों पूरे पन्ने के विज्ञापनों पर नजर डालें तो आप पाएंगे कि हरियाणा में किस तरह रेवड़ियां घोषित की जा रही हैं। 46 लाख परिवारों को मात्र 500 रुपये में एलपीजी सिलिन्डर से लेकर स्कूली लड़कियों को मुफ्त में दूध देने, और नहरों से मिलने वाले पानी पर से अधिभार समाप्त करने की घोषणाएं की गई हैं। और तो और, जिन परिवारों की वार्षिक आमदनी 1 लाख रुपये तक है उनके सभी सदस्य महीने में 1,000 किमी तक मुफ्त में बस यात्रा कर सकते हैं। भाजपा दिल्ली, कर्नाटक, और तेलंगाना में ऐसे कार्यक्रमों की खिल्ली उड़ाया करती थी। ये सब 'रेवड़ी' की उसकी परिभाषा में आते थे। हरियाणा ने ओबीसी की अपनी परिभाषा में 'क्रीमी' तबके की आय सीमा प्रति वर्ष 6 लाख रुपये से बड़ाकर 8 लाख रु। कर दी है। हरियाणा के लिए तो इस तरह हिसाब जमा लिया गया, महाराष्ट्र के लिए जो कुछ किया गया है वह और ज्यादा काबिल-ए-गौर है। उसके लिए अब तक जितनी 'रेवड़ियों' की घोषणा की जा चुकी है उनके लिए हर साल कम-से-कम 96,000 करोड़ रु। की जरूरत पड़ेगी। उनके कुछ उदाहरण– एक आय सीमा के नीचे की महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और वरकरी संप्रदाय (भक्ति पंथ के करीब 16 लाख जातिविहीन लोगों) को नकदी भुगतान और सब्सिडी दी जाएगी। वरकरियों को उनकी वार्षिक पंढरपुर तीर्थयात्रा के लिए सब्सिडी दी जाएगी। अब इंतजार कीजिए कि उत्तर प्रदेश के 2027 के चुनाव के मद्देनजर योगी कांवड़ियों के लिए कब ऐसी कोई घोषणा करते हैं। ढाई लाख रु। से कम की वार्षिक आय वाली 21-65 आयु वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1,500 रु। का वजीफा दिया जाएगा। अकेले इस कार्यक्रम के लिए 46,000 करोड़ रु। की जरूरत पड़ेगी। मेरा ख्याल है कि ये सब इस बात के पर्याप्त प्रमाण हैं कि एक दशक तक बचाव के लिए मजबूर रहा विपक्ष ही फिलहाल एजेंडा तय कर रहा है। ऐसे बंटवारे का मखौल उड़ाने वाली भाजपा ही अब 'रेवड़ी लो, वोट दो' वाली पार्टी बन गई है। दब्बू ने दमदार को अपना नजरिया बदलने को मजबूर कर दिया है।अगर आपको यह लग रहा हो कि ये तमाम बातें चुनाव के मौके को देखकर की गई अतिशयोक्ति है, तो हम अपनी राजनीति के और अधिक ठोस, मजबूत–वास्तव में, शाश्वत–वैचारिक मुद्दे को उठा सकते हैं। और तब हम यह देखने की कोशिश करेंगे कि क्या यह तर्क इस पर भी लागू होता है या नहीं, कि दमदार पक्ष बचाव की मुद्रा में गया है या नहीं। 1989 से, ये दो सवाल यह तय करते रहे हैं कि भारत पर कौन राज करेगा– एक यह कि धर्म ने जिन्हें एकजुट किया था उन्हें बांटने के लिए क्या जाति का इस्तेमाल किया जा सकता हैड़ दूसरा यह कि जाति ने जिन्हें बांट दिया उन्हें एकजुट करने के लिए क्या धर्म का इस्तेमाल किया जा सकता हैड़ हम यह कहते रहे हैं कि शुरू के 25 वर्षों तक तो जाति जीतती रही। लेकिन नरेंद्र मोदी के उभार ने तमाम जातिगत विभाजनों के ऊपर व्यापक हिंदू वोट को एकजुट कर दिया। यह हिंदुत्व के युग की शुरुआत थी। राहुल गांधी ने जातीय जनगणना के नारे के साथ इसे फिर से चुनौती दे दी। इस मुद्दे को उन्होंने संसद के अंदर ला दिया और ड़ोर देकर कहा कि उनकी पार्टी ÷इसी संसद के जरिए÷ जातीय जनगणना जरूर करवाएगी। जाति के मुद्दे का जवाब देने के लिए भाजपा के पास विचारों की कमी है इसलिए वह धर्म के मुद्दे पर ही ड़ोर देती रहती है। वड़्ड़ को लेकर नया विधेयक, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का 'जमीन जिहाद' का नारा, 'लव जिहाद' के लिए उम्रक़ैद की सड़ा दिलाने का कानूनी संशोधन लाने का योगी का प्रस्ताव, एक समुदाय को अपनी जनसंख्या वृद्धि पर रोक न लगाने का राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आरोप– ये सब बचाव की ही स्वतःस्फूर्त चालें हैं। मैं इसे उलझन बताता हूं क्योंकि आम चुनाव में इन्हीं चालों का इस्तेमाल किया गया और वे नाकाम रहीं। भाजपा अब फिर से जाति के मसले से जूझ रही है। जातीय जनगणना तो दूर, वह हर दस साल पर होने वाली उस सामान्य जनगणना की बात भी नहीं कर रही है, जो 2021 में होनी चाहिए थी। पिछड़े वर्गों के उप-वर्गीकरण की बात खुद भाजपा ने उठाई थी और इस मसले की जांच के लिए दिल्ली हाइकोर्ट की सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश जी। रोहिणी के नेतृत्व में एक आयोग का गठन किया था। उस आयोग की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। सरकार अगर उप-वर्गीकरण की ओर कदम बड़ाती है तो जातीय जनगणना जरूरी हो जाएगी। यह राहुल गांधी की एक और जीत होगी। सरकार अगर जातीय जनगणना नहीं करवाती है तो जातियों के आधार पर हिंदू वोटों के विभाजन में फिर तेजी आएगी। विपक्ष किसी हिंदी प्रदेश में सत्ता में नहीं है इसलिए वह इंतजार ही कर सकता है। यह मुद्दा चुनावों के दौरान इतना बड़ा मसला बन गया था कि भाजपा अब संविधान संशोधन करने का हल्के से कोई जिक्र तक नहीं कर सकती। वह बढ़त ले चुकी टीम तो है लेकिन बचाव के लिए मजबूर होकर विकल्पों की तलाश में जुटी है, जबकि चुनौती देने वाला पक्ष पूरा दबाव बनाए हुए है।

**– साभार: द प्रिंट। यह लेखक के विचार हैं।**

# सेहत व संस्कृति के द्वंद्व से जूझती इंडोनेशिया सरकार

■ पुष्परंजन

इंडोनेशिया में एक सिगरेट की कीमत है, दो हजार रुपिया (भारतीय मुद्रा में 10 रुपये 43 पैसे) है। पूरी डिब्बी की कीमत आमतौर पर लगभग 30,000 रुपिया (भारतीय करेंसी में 157 रुपये) मानकर चलिए। सिगरेट की कम-ज्यादा कीमतें ब्रांड के ऊपर हैं। वहां की सरकार ने सिगरेट की खुदरा बिक्री पर रोक लगा दी है, जिससे खोमचे-ठीये वाले अपना धंधा चौपट हो जाने के डर से परेशान हैं। सिगरेट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का तंबाकू समर्थक कार्यकर्ताओं ने सरकार के इस फैसले का विरोध किया है, जिनका मानना है कि तंबाकू की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने से छोटे व्यवसायों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और यह देश की गहरी जड़ें जमाए धूम्रपान संस्कृति के खिलाफ होगा। सिगरेट समर्थक कार्यकर्ताओं के अनुसार, 'सिगरेट वह गोंद है जो इस द्वीपसमूह में सामाजिक संबंधों को एक-दूसरे से चिपकाये रखती है।' जावा में शादियों और अंतिम संस्कारों के दौरान आये लोगों को अक्सर सिगरेट ऑफर की जाती है, और हिंदू बहुल द्वीप बाली में देवताओं-परमात्माओं को अर्पित दैनिक प्रसाद में भी सिगरेट शामिल है। 'कैनांग सारी' नामक पारंपरिक प्रसाद को नारियल के पत्ते वाली बकेट में रखते हैं, जिसके अंदर फूल, चावल और सिगरेट होती है। इन्हें देवताओं के प्रति समर्पण और आत्माओं को प्रसन्न करने के लिए चढ़ाया जाता है। सिगरेट समर्थकों का कहना है कि सरकार इस प्रतिबंध के बहाने हमारी आस्था पर चोट कर रही है। इंडोनेशिया द्वीप समूह के किसी भी हिस्से में जाएं। सुबह के पारंपरिक नाश्ते में एक कप कॉफी के साथ सिगरेट जरूर दिखेगा। पश्चिमी सुमात्रा में सर्फिंग के लिए मशहूर मेंटावई जनजातियां तंबाकू या उबे का सेवन करती हैं। सिगरेट चाहे टेंशन दूर करे, मगर उसके आदी लोग व्यक्तिगत आनंद के लिए उसका होना जरूरी मानते हैं। क्रेटेक ब्रांड के सिगरेट की दीवानगी तंबाकू समर्थक नीतियों की वकालत करने वाले केपाले देसे के बयानों से दरपेश है, 'क्रेटेक एक इंडोनेशियाई सिग्नेचर सिगरेट है, जिसमें लौंग के साथ तंबाकू मिलाया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप जलने पर मीठा स्वाद और गाढ़ा धुआं निकलता है। हम इसे छोड़ नहीं सकते।'



नए विनियमन में सिगरेट के एक पैकेट में कम से कम 20 सिगरेट होनी चाहिए, जिससे 12 या 16 सिगरेट वाले सस्ते पैकेट की बिक्री खत्म हो जाएगी। न्यूनतम खरीद आयु भी 18 से बढ़ाकर 21 कर दी गई है। नए विनियमन को तोड़ने वाले विक्रेताओं या उत्पादकों पर क्या जुर्माना ठोकेंगे, अभी स्पष्ट नहीं किया है। इंडोनेशिया दुनिया के सबसे बड़े इंस्टाग्राम दर्शकों में से एक है, जिसके एक करोड़ 11 लाख से अधिक उपयोगकर्ता हैं। जिनमें से आधे से अधिक 13 से 24 वर्ष की आयु के हैं। तंबाकू प्रवर्तन और रिपोर्टिंग आंदोलन (टीईआरएम) के अनुसार, '2023 तक, इंडोनेशिया में लगभग 70 प्रतिशत ऑनलाइन तंबाकू विपणन इंस्टाग्राम पर हुआ।' इंडोनेशिया में तंबाकू और ई-सिगरेट को सोशल मीडिया पर प्रचारित करने से रोक दिया गया है।सिगरेट समर्थक केपाले देसे कहते हैं, 'हम छोटे विक्रेताओं का पक्ष लेते हैं, क्योंकि यह प्रतिबंध उन्हें नुकसान पहुंचाएगा। हमने खुदरा सिगरेट की बिक्री पर प्रतिबंध के बारे में खोमचे-ठेले वालों की राय पूछी, और उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया।' लेकिन इसके उलट स्वास्थ्य मंत्रालय में कानून प्रभाग के प्रमुख इंदा फेब्रियांटी ने 2 अगस्त, 2024 को दिये बयान में कहा, 'खुदरा सिगरेट बच्चों और किशोरों के लिए आसानी से उपलब्ध हैं, जिनके उपभोग के स्तर को हम वास्तव में कम करना चाहते हैं।' इंडोनेशिया में धूम्रपान की दर दुनिया में सबसे ज़्यादा है ऱ पिछले साल इंडोनेशियाई स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, 270 मिलियन की आबादी में से 70 मिलियन सक्रिय धूम्रपान करने वाले थे। किशोर उम्र वालों का धूम्रपान रोकना भी एक चुनौती है। पिछले साल धूम्रपान करने वालों में से 7.4 प्रतिशत 10-18 वर्ष के थे, जबकि 15-19 वर्ष की आयु में धूम्रपान शुरू करने वालों की संख्या सबसे ज़्यादा 56.5 प्रतिशत थी। हालांकि, नवीनतम तम्बाकू नियंत्रण विनियमों का तम्बाकू विरोधी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया, हालांकि वे जकार्ता से और अधिक प्रतिबंधों की मांग करते हैं। वाशिंगटन स्थित 'कैंपेन फॉर टोबैको-फ्री किड्स' के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी योलोंडा सी। रिचर्डसन ने एक बयान में कहा कि हमारा संगठन नियमों पर हस्ताक्षर करने के लिए विडोडो की सराहना करता है, और सरकार से आग्रह करता है कि वे तम्बाकू कंपनियों के हस्तक्षेप के बावजूद, उन्हें लागू करें जो निश्चित रूप से जारी रहेगा। नवंबर, 2011 में बाली को सिगरेट मुक्त करने का ऐलान किया गया, लेकिन यह घोषणा लचर साबित हुई। फिर दोबारा से 1 जून, 2012 से धूम्रपान पर सख्त पाबंदी आयद की। इंडोनेशिया उन चंद देशों में से एक है, जो अभी भी टेलीविजन पर तम्बाकू के विज्ञापन की अनुमति देता है, हालांकि इसे रात 9ऱ30 बजे के बाद ही प्रसारित किया जा सकता है। 'इंडोनेशिया इंस्टीट्यूट फॉर सोशल डेवलपमेंट' के निदेशक, अहमद फनानी ने 31 जुलाई, 2024 को जारी एक बयान में कहा, कि हम 'प्रगतिशील' नियमों का स्वागत करते हैं, हालांकि हमें खेद है कि तम्बाकू विज्ञापन प्रतिबंध केवल सोशल मीडिया पर लागू होता है, न कि टेलीविजन या बिलबोर्ड पर। सैम्पोएर्ना इंडोनेशिया की सबसे बड़ी तंबाकू कंपनी है। यह लौंग सिगरेट बनाती है, जिसे स्थानीय तौर पर 'क्रेटेक सिगरेट' के नाम से जाना जाता है। सैम्पोएर्ना के सिगरेट ब्रांडों को इंडोनेशिया में म्यूज़िक कंसर्ट्स के ज़रिये प्रोमोट किया जाता है। इंडोनेशिया में सिगरेट बाज़ार की बादशाहत सैम्पोएर्ना के पास है, जो सबसे मशहूर लौंग वाली क्रेटेक सिगरेट बनाती है। सैम्पोएर्ना के ड़ब्बे में बाजार का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है। सैम्पोएर्ना का निकटतम प्रतिद्वंद्वी फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल (पीएमआई) है। इंडोनेशिया में तम्बाकू उत्पादन का 90 प्रतिशत, सिर्फ़ तीन प्रांतों से आता है ऱपूर्वी जावा, मध्य जावा और पश्चिमी नुसा तेंगारा। वर्ष 2023 में मार्केट रिसर्च कंपनी, 'यूरोमॉनीटर इंटरनेशनल' ने इंडोनेशियाई तंबाकू बाजार का मूल्य 34 बिलियन डॉलर का आंका है। 'स्टैटिस्टा' के अनुसार, 'तम्बाकू के कारोबार में चीन, अमेरिका और जर्मनी के बाद चौथे स्थान पर इंडोनेशिया आता है।' 2023 में इंडोनेशिया ने 238.8 हज़ार मीट्रिक टन से ज़्यादा कच्चे तम्बाकू का उत्पादन दर्ज किया था। सबसे दिक्कत की बात यह है कि तम्बाकू के कारोबार से सरकारें, रेवन्यू का बड़ा हिस्सा बटोरती हैं। तम्बाकू कंपनियों से तगड़ी सौदेबाड़ी होती है। विज्ञापनों में कर्क रोग का डर दिखाया जाता है, लेकिन सचमुच सरकारें तम्बाकू का कारोबार बंद कर दें, तो कैंसर अस्पताल चलेंगे कैसेड़ सच यह है कि सिगरेट पर सरकारी प्रतिबंध हाथी के दिखने वाले दांत की तरह है। इसे जड़ से नहीं उखाड़ सकते !

**– साभार**

# हाथी पर सवार होकर भगवान शंकर की निकली शाही सवारी



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

श्रावण मास के चौथे सोमवार को भगवान शिव की नगरी कहलाने वाली सिवनी मालवा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सिवनी मालवा नगर और ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्याओं में युवाओं द्वारा



उज्जैन महाकालेश्वर के राजा अधिराज की जो शाही सवारी उज्जैन में निकाली जाती है उसी की तर्ज पर सिवनी मालवा नगर में भी सीताराम ग्रुप द्वारा भगवान शंकर की शाही सवारी निकाली गई। यह यात्रा बानापूरा जिला सहकारी बैंक के मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के मुख्यमार्ग से होती हुई सिवनी मालवा के अति प्राचीन मराठा कालीन शंकर मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा में भगवान



शंकर के जय घोष के साथ हाथी पर विराजमान हुए भोले भगवान नगर की धर्म प्रेमी जनता को दर्शन देने निकले। इस दौरान डीजे ढोल धमाके और मंजीरे डमरू के साथ हजारों की संख्या में युवा उवतिया बुजुर्ग और महिलाएं नाचते गाते इस शोभायात्रा में शामिल हुए,वहीं नगर के विभिन्न मार्गों पर यात्रा का जमकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। आपको बता दें कि क्षेत्र की धर्म प्रेमी जनता द्वारा श्रावण मास में भगवान शंकर की पूजा आराधना को भक्तों द्वारा बड़े ही भक्ति भाव और श्रद्धा के साथ भगवान शंकर की उपासना की जाती है।

# जिले के समस्त विभाग रोस्टर तैयार कर योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें: निर्देश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।** कलेक्टर कार्यालय में सोनिया मीना की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन एवं राजस्व के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने कार्यालय के सभी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कर लें। कलेक्टर ने समस्त विभागों के अधिकारी/कर्मचारियों की निर्देश दिए की सार्थक ऐप पर अनिवार्य रूप से उपस्थिति दर्ज कराएं।

## जिले के सारे हैलीपेडों की मरम्मत होगी



कलेक्टर ने बैठक में जिले के समस्त विभागों के अधिकारियों को बताया कि सभी अपने-अपने कार्यालयों एवं अधीनस्थ कार्यालयों में भी सार्थक ऐप में उपस्थिति दर्ज कराएं। बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि पौधारोपण अधिक से अधिक कराएं और वायुदूत ऐप में पौधे का नाम और संख्या डाले।

उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तहसील स्तरीय एसडीएम, तहसीलदार, सीएमओं से अपने क्षेत्रों में होने वाले कार्यो के विषयों पर चर्चा की। राजस्व मामले के अंतर्गत नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती व राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि समस्त एसडीएम, तहसीलदार सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों का निराकरण कर पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली कार्य में तेजी लाए। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी शिकायतों का जल्द से जल्द निराकरण करें। उन्होंने कहा कि जिले में शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने के संबंधित विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने समस्त विभाग प्रमुखों से सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों को कम करने और अपनी रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिले में जहां-जहां भी हैलीपेड बनाए गए है उनकी मरम्मत और मेंटेनेंस कराया जाए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां भी पीडब्लूडी द्वारा रोड बनाई गई है वहां के गडडे भरे। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य रूप से मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश देहलवार से कहा कि मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए चिन्हित स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर लगाए और मौसमी बीमारियों के बचाव के लिए वैक्सीन लगाए और दवाईया वितरित करें। उन्होंने सीएमएचओं से कहा कि पात्र नागरिकों के स्वास्थ्य कार्ड जनप्रतिनिधियों के माध्यम से वितरित कराएं। बैठक में कलेक्टर ने जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की और योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश विभाग को दिए। बैठक में कलेक्टर ने समस्त विभाग प्रमुखों से कहा कि शासन विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें जिससें आम जनताओं को शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकें। बैठक में कलेक्टर ने समस्त सीएमओं से कहा कि जिले में संचालित गौशालाओं की निरंतर मानिटरिंग करें जो असुविधा हो रही है उनको पूरा करें।

# रायसेन में 1500 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकालकर घरों पर तिरंगा फहराने का दिया संदेश




**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज रायसेन नगर में तीनों मुख्य मार्गों से एक साथ प्रभात फेरी निकाली गई जिसका समापन भोपाल-सागर तिराहे पर हुआ। प्रभात फेरी में 25 स्कूलों के 1500 से अधिक विद्यार्थियों सहित अधिकारियों-कर्मचारियों ने सहभागिता कर नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। प्रभात फेरी के समापन के दौरान सभी को हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने, स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों की भावना का सम्मान करने तथा भारत के विकास और प्रगति के प्रति स्वयं को समर्पित करने की प्रतिज्ञा दिलाई गई।

# टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाईन तथा विभागीय गतिविधियों की समीक्षा

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा समय सीमा वाले शासकीय पत्रों तथा सीएम हेल्पलाईन की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि नागरिक अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराएं, इसके लिए उन्हें प्रेरित किया जाए। साथ ही 13 तथा 14 अगस्त को आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में भी चर्चा की। कलेक्टर ने विभागवार सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए डी तथा सी ग्रेड वाले विभागों के अधिकारियों को आगामी सात दिवस में अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए। साथ बी ग्रेड में शामिल विभागों के अधिकारियों को भी और अधिक मेहनत करने के निर्देश दिए। उन्होंने



सभी अधिकारियों से कहा कि कार्यालय स्तर पर प्रतिदिन सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही की समीक्षा करें तथा प्रगति से अवगत भी कराएं। बैठक में कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की जानकारी लेते हुए समारोह के गरिमामय और व्यवस्थित आयोजन हेतु सभी तैयारियां पर्याप्त समय पहले पूर्व करने तथा रिहर्सल किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जिला अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि सहित अन्य विभागों की गतिविधियों तथा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा विशाल साईकिल रैली निकाली गई



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

शासन के निर्देशासुनार 9 अगस्त से 15 अगस्त की अवधि में हर घर तिरंगा अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है, कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश पर इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देशवासियों में तिरंगा के बारे में जागरूकता उत्पन्न कर देश भक्ति की भावना जागृत करना है। अभियान के तहत नगर परिषद बनखेडी द्वारा 12 अगस्त 2024 को साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम अंतर्गत नगर कार्यालय नगर परिषद बनखेड़ी द्वारा 12 अगस्त सोमवार को स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा हर घर तिरंगा अभियान 2024 के तहत विशाल साईकिल रैली निकल गई। रैली नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए देशभक्ति के नारे लगाते हुए कार्यालय नगर परिषद बनखेड़ी तक निकाली गई। रैली में शासकीय कन्या शाला, शासकीय सीएम राइस स्कूल, लाल बहादुर शास्त्री हाई स्कूल के छात्र-छात्राएं पीटी शिक्षक कलीराम अहिरवार, बरेलाल अमोल, पवन श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव प्राचार्य लाल बहादुर शास्त्री हाई स्कूल, देवेंद्र ऊरहा ब्लॉक खेल समन्वयक, हरीश मालानी नगर परिषद अध्यक्ष, अविनेश पटेल पार्षद प्रतिनिधि, संतोष रघुवंशी मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर परिषद बनखेड़ी कर्मचारी अरविन्द सराठे, राजेश उरहा, वीरेन्द्र पाटकर, सौरभ पटेल, पंकज बाथरे, रंजीत गज्जाम, अजय कुशवाहा, इरशाद खान एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी अभियान में सम्मिलित हुए।

**मेट्रो एंकर** | महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों के लिए जांच शिविर

# जिला चिकित्सालय में बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर में 101 बच्चों का परीक्षण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 12 अगस्त सोमवार को शासकीय अस्पताल नर्मदापुरम में बच्चों के स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर आयोजित किया गया। जिसमें परियोजना नर्मदापुरम शहरी के सेक्टर क्रमांक 1, 2, 3 से सेम, मेम, अतिकम वजन के बच्चों, बीमार बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉक्टर ऋतुराज पटेल एवं डॉक्टर भास्कर गुप्ता द्वारा किया गया। बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई एवं परामर्श व दवाइयां दी गई। सेम बच्चों को एनआरसी भर्ती हेतु समझाया गया। श्रीमती स्वाति दुबे पोषण प्रशिक्षक द्वारा पोषण के संबंध में माता को समझाईश दी गई। उपस्थित सभी बच्चों की वजन व लंबाई ऊंचाई श्रीमती आरती शर्मा, ANM रजनी चौधरी द्वारा ली गई। आज स्वास्थ्य जांच शिविर में 101 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई, स्वास्थ्य जांच किए गए बच्चों में से सेक्टर 2 के दो बच्चों को, सेक्टर 1 से 1 बच्चे को एनआरसी में



भर्ती कराया गया। शिविर में परियोजना नर्मदापुरम शहरी से पर्यवेक्षक श्रीमती सरोज साध, लता नागराज, चन्द्र किरण डोले उपस्थित रहीं व सेक्टर अधिनस्थ सभी सेम/मेम बच्चों की स्वास्थ्य जांच कराई गई।

## पथरोटा में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

ग्राम पंचायत पथरोटा के उप स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 0 से 6 वर्ष के बच्चो का वजन लिया गया वा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं आवश्यक जाँच की गई ।सेक्टर पर्यावेक्षक चेतना ढिवरे एवम् कंचन सिदेले द्वारा बताया गया कि कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देश पर स्वास्थ्य शिविर काआयोजन किया गया ।स्वास्थ्य शिविर मे 3 बच्चो को नर्मदापुरम समर्पण केंद्र रेफर किया। कार्यक्रम मे CHO तनुजा उइके द्वारा बच्चों को आवश्यक दवाएं दी गयी। शिविर में पर्यावेक्षक चेतना ढिवरे कंचन सिदेले दुर्गा गुप्ता शीला काजले एवम् ANM दीप्ति मेहतो व आँगन बाडी कार्यकर्ता वा सहायिका आशा कार्यकर्ता उपस्थित थी।

# तुलसीदास जयंती पर संगोष्ठी एवं व्याख्यान माला आयोजित




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में तुलसीदास जयंती के अवसर पर संगोष्ठी एवं व्याख्यान माला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य डॉ। ओ एन चौबे एवं अन्य प्राध्यापकों द्वारा मां सरस्वती एवं तुलसीदास जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । डॉ। के जी मिश्र द्वारा विषय प्रवर्तन के पश्चात प्राचार्य डॉ। ओ एन चौबे ने तुलसीदास जी के जीवन के रत्नावली प्रसंग के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन की दिशा तय करने का सूत्र सीखने की प्रेरणा दी । डॉ। अमिता जोशी ने अपने संवाद में राम राज्य को आधार बनाकर रामचरितमानस से सामाजिक मूल्यों को सीखने एवं उन्हें अपने जीवन में उतारने की सलाह दी । डॉ। एस सी हर्णे ने तुलसीदास जी को प्रेरणा पुरुष बताते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन चरित्र का अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया । डॉ। राजीव शर्मा ने पाश्चात्य विद्वानों से तुलना करते हुए तुलसीदासजी की प्रासंगिकता एवम महत्व को रेखांकित किया । डॉ शोभा बिसेन ने तुलसी के काव्य को समाज की बहुमूल्य निधि बताया ।व्याख्यान के इस क्रम में डॉ। इरा वर्मा, डॉ। कल्पना विश्वास और डॉ। मनीष परिहार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया । कार्यक्रम में डॉ। सविता गुप्ता, नित्या पटेरिया आदि प्राध्यापकों के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं प्राध्यापकगण उपस्थित रहे । आभार डॉ। रूपा भावसार ने एवम मंच संचालन शोधार्थी देवांश बैरागी ने किया ।

# बम-बम भोले के जयकारों के साथ निकली कावड़ यात्रा

## विधायक उमाकांत शर्मा का नगरवासियों ने किया स्वागत





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
**केशरिया वेश पहने बाबा विश्वनाथ के जयकारे लगाते हुए काँधे पर कावड़ के जल से सावन के अंतिम सोमवार को बाबा विश्वनाथ का अभिषेक करने के लिए परंपरागत कांवड़ यात्रा में श्रद्धालु उत्साह और मस्ती के साथ निकले। काँवड़ यात्रा में आजादी के उत्सव और बांग्लादेश में हो रही सत्ता विद्रोह में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध की भी झलक दिखाई दी। विधायक सहित अनेक श्रद्धालु विरोध की तख्तियां लिए हुए थे। वर्षों पहले बाबा विश्वनाथ के अनन्य भक्त पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा विश्वनाथ धाम काँवड़ यात्रा सेवा समिति के तत्वाधान में प्रारंभ हुई विशाल काँवड़ यात्रा समिति के संरक्षक एवं क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा एवं समिति सदस्यों द्वारा पाटीदार धर्मशाला स्थित नागेश्वर महादेव मंदिर में अभिषेक पूजा अर्चना उपरांत कृषि उपज मंडी प्रांगण से शुरू हुई काँवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का नगरवासियों एवं सामाजिक संगठनों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई काँवड़ यात्रा ने विद्यार्थी पथ मसानिया मंदिर मार्ग से होती हुई आरोन मार्ग से देवपुर की तरफ प्रस्थान किया। आरोन मार्ग पर सकल दिगंबर जैन समाज ,नगरपालिका सहित अनेक समाजसेवियों ने इन श्रद्धालुओं के लिए खीर ,फल फलाहार भंडारे के स्वागत पांडाल लगाए थे यहाँ हमेशा की तरह काँवड़ियों को प्रसादी वितरण की गई।**

### बम भोले के जयकारों से गूंजी सिरोंज

काँवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए बाबा विश्वनाथ सेवा समिति के आव्हान पर हमेशा की तरह काँवड़िए सुबह 9 बजे से कृषि उपज मंडी परिसर में एकत्रित होने लगे थे। करीब बारह बजे पूजा अर्चना उपरांत यात्रा जब प्रारम्भ हुई तो बम बम भोले के जयकारों की गूंज पूरे शहर में सुनाई दी। काँवड़ यात्रा में महिलाओं सहित पुरूषों ओर उत्साहित नवयुवकों के विराट हिन्दू सनातन स्वरूप की झलक दिखाई दे रही थी।

### कलात्मक ढंग से आकर्षक सजा कर लाए कांवड़ों को किया पुरुस्कृत

काँवड़ यात्रा समिति के आव्हान पर अनेक श्रद्धालु ने आकर्षक ढंग से काँवड़ भी सजाई थी। समापन अवसर पर देवपुर में आयोजित कार्यक्रम के समापन पर समिति द्वारा इनको प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय के रूप में नगद राशि से समाजसेवियों द्वारा पुरुस्कृत किया गया।

### देवपुर के विकास में नही छोड़ेंगे कोई कमी करोड़ो के विकास कार्यो की दी सौगात

काँवड़ यात्रा के देवपुर पहुँचने पर यहाँ बने सभागार मंडप में आयोजित मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि आज की काँवड़ यात्रा में हिन्दू सनातन समाज ने जो विराट रूप दिखाया है वह आज के समय की आवश्यकता है। जिस तरह से बांग्लादेश में हिंदु परिवारों को प्रताड़ित किया गया उससे सबक लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देवपुर के विकास के लिए हम सदैव कृत संकल्पित है। जब लक्ष्मीकांत शर्मा मंत्री थे तब उन्होंने यहां के अनेक विकास कार्यो के साथ ही मंदिर तक जाने के लिए पुल सहित सौंदर्यीकरण के विकास कार्य करवाए थे आज भी हम उनके अधूरे स्वप्नों को पूरा कर रहे हैं बाबा विश्वनाथ जी की हमारे क्षेत्र पर असीम अनुकंपा है श्रावण में उनके दरबार में आने वालों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। बाबा के दरबार मे श्रद्धालुओं को मिल्वे वाली सुविधाओं में विस्तार के लिए हम ओर अधिक प्रयास करेंगे। इसके पूर्व कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिवकुमार भार्गव, लक्ष्मण सिंह बघेल, महेंद्र सिंह दाँगी, रूपेश यादव, योगेश भार्गव, सरसिज शर्मा,रोमन सिंहल,हिमांशु अग्रवाल सहित संत महात्मा तथा सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।



### तिरंगा यात्रा के माध्यम से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर जताया विरोध

काँवड़ यात्रा के पहले मंडी परिसर में एकत्रित सनातनधर्मियों को हिन्दू समाज की एकता अखंडता के लिए प्रेरित करते हुए यात्रा के संयोजक एवं विधायक उमाकांत शर्मा ने विश्व के सभी मुस्लिम देशों के साथ बंगलादेश में अल्पसंख्यकों में शामिल हिन्दू समाज पर हो रहे अत्याचार से अवगत कराते हुए कहा कि आज बांग्लादेश में धर्म समाज के नाम पर कुचला, मारा जा रहा है मंदिरों को तोड़ा जा रहा है सनातन धर्म के देवी देवताओं की मूर्तियों को खंडित किया जा रहा है। भारत देश मे छोटी छोटी घटनाओं पर मोमबत्ती लगाने वाले विरोध प्रदर्शन करने वाले आज बांग्लादेश के अत्याचार पर मौन साधे बैठें है। उन्होंने मंच से उपस्थित जनसमुदाय के साथ अपना विरोध दर्ज कराते हुए देश की एकता अखंडता के लिए हिन्दू समाज से संगठित रहने के साथ हमले का उचित प्रतिकार करने की नसीहत भी दी। इस दौरान एक जीप में राष्ट्रीयता का परिचय देती हुई भारत माता का चित्र की झांकी सजाई गई थी जिसमें एक सैनिक तिरंगा झंडा लेकर देशभक्ति भाव के साथ देश की सुरक्षा का संदेश देते हुए शामिल था इसके अलावा एक दूसरी जीप में काँवड़ यात्रा को प्रारम्भ करने वाले संस्थापक संरक्षक पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा के कटआउट लगे हुए थे।

## न्यायालय परिसर में आवारा मवेशियों एवं कुत्तों से आम नागरिक परेशान

**सिरोंज।** नगर पालिका परिषद के द्वारा आवारा मवेशियों और कुत्तों से हो रही परेशानी से मुक्ति दिलाने के लिए काम नहीं किया जा रहा आए दिन कुत्तों के द्वारा हमला करके घायल किया जा रहा है। वहीं साफ सफाई भी नहीं करवाई जा रही जिसको लेकर एडवोकेट अशोक शर्मा,, एडवोकेट राजकुमार शर्मा, एडवोकेट सुरेंद्र दांगी एडवोकेट ने सीएम हेल्पलाइन पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर पालिका परिषद के स्वास्थ्य अधिकारी तथा दरोगा के खिलाफ न्यायालय में आवारा मवेशी एवं कुत्तों के भ्रमण से परेशानी को लेकर शिकायत की है। और चारों अधिवक्ताओं ने नगर पालिका के अधिकारियों पर अपराध दर्ज करने हेतु एक आवेदन थाना प्रभारी को दिया है।

## एमएसडब्ल्यू बीएसडब्ल्यू कक्षाओं का, एलबीएस कॉलेज में नवीन सत्र प्रारम्भ

**सिरोंज।** मुख्य मंत्री पाठ्यक्रम के एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू की कक्षाओं का नवीन सत्र एलबीएस कॉलेज में प्रारंभ हो गया, रविवार को सत्र के प्रथम दिवस शहर के एलबीएस कॉलेज में पाठ्यक्रम के तहत अध्ययन करवाया जाएगा। जन अभियान परिषद् के ब्लॉक समन्वयक चरण सिंह दांगी ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया, साथ ही छात्र छात्राओं को सामुदायिक नेतृत्व की अवधारणा और छात्रों के व्यवहारिक कार्य की सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगिता बताई गई। वहीं परामर्शदाताओं ने छात्र छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य मंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् के प्रशासनिक व्यवस्थाओं के अधीन चित्रकूट विश्विद्यालय सतना द्वारा समाज कार्य मे स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री का यह पाठ्यक्रम पूरे मध्य प्रदेश दिया जा रहा है।इस दौरान रामचरण कुर्मी, इंदर रघुवंशी, , कृष्ण चंद्र पटेल, सहित बडी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## गायब हुई नाबालिग लड़की को पुलिस ने किया बरामद

**सिरोंज।** मुस्कान अभियान के तहत पथरिया पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशन पर चलाए गए अभियान के तहत धारा -137(2) बी.एन.एस. में बालिका उम्र 15 साल 6 माह निवासी ग्राम नरखेड़ा ताल जो कि घर पर बिना बताये चली गयी जिसे दस्तयाब कर पूछताछ करने पर बताया कि आरोपी विक्रम अहिरवार निवासी उदयपुर थाना गंजबासोदा शहर शादी करने का झासा देकर बहला फुसला कर ले गया तथा उसके साथ गलत काम किया जिस पर अपराध में धारा 64 बीएनएस ङपोक्सो एक्ट बढ़ाई गई। बालिका को उसके पिता के सुपुर्द किया गया आरोपी विक्रम अहिरवार पिता कुंजीलाल अहिरवार को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण की अग्रिम कार्यवाही जारी हैं। विशेष भूमिका ङ्क उनि.त्रतुराज सिंह, उनि वीरेन्द्र पाल (सायबर सेल) सउनि विजय सिह,प्र.आर. जितेन्द्र यादव,प्रआर. पवन जैन(सायबर सेल) आर. सोनू राजपूत, आर. रवि आर आशीष की रही।

## त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दुकानों से सैम्पल लिए



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थों के सैम्पल जांच हेतु एकत्रित किए जाने कु कार्यवाही जारी है। जिसके तहत आज की गई कार्रवाई के दौरान विमला डेयरी हरिपुरा, विदिशा से गाय का दूध, श्याम स्वीट्स बंटी नगर चैराहा विदिशा से मावा, मलाई बर्फी, पेड़ा,दही एवं राजपूत रेस्टोरेंट बंटी नगर विदिशा से मावा, मलाई बर्फी, मगज के लड्डू आदि के सैम्पल जांच हेतु एकत्रित किए गए हैं।

उक्त सभी सैम्पल जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को भेजे गये हैं, जिनकी जांच रिपोर्ट आने पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं व मिठाई विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि मिठाई को ढंक के रखना, साफ सफाई से खाद्य सामग्री तैयार करना। गंदगी पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

सभी खाद्य कारोबारकर्ता (दूध विक्रेता, डेयरी संचालक, दूध एवम दूध पदार्थ का परिवहन करने वाले, किराना व्यापारी , फल सब्जी विक्रेता, खाद्य पदार्थ थोक विक्रेता, फुटकर विक्रेता, चाय नाश्ता की दुकान, हॉकर, आदि) को खाद्य लाइसेंस, पंजीयन लेना अनिवार्य है। बिना खाद्य लाइसेंस, पंजीयन के व्यापार करना अपराध है।

## कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने जन जागरूकता रैली निकालकर नशे से दूर रहने का दिया संदेश



**विदिश।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय, विदिशा में नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की गई। शासन के निर्देशानुसार नशामुक्ति अभियान अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में स्टाफ एवं छात्राओं ने नशा मुक्ति की शपथ ग्रहण की। प्राचार्य डॉ. नीता पांडेय ने छात्राओं एवं स्टाफ को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से नशों से दूर रहने की सलाह दी एवं महाविद्यालय परिसर को नशा मुक्त रखने पर जोर दिया। अस्मुरारी नंदन मिश्र द्वारा एक नशा विरोधी कविता को सुनाया गया जिसमें नशे से जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को बताया गया। महाविद्यालय के समस्त ब्लॉकों में जगह-जगह पर नशा मुक्ति का पोस्टर चिपकाया गया। अंत में महाविद्यालय से विवेकानंद चैराहे तक नशामुक्ति के लिए जन जागरुकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय की छात्राएं एवं स्टाफ नशा विरोधी नारों और पोस्टरों के साथ रैली में शामिल हुए।

## रामराज्यम कल्याण समिति ने मनाई तुलसी जंयति





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

रामराज्यम कल्याण समिति के द्वारा गणेश अथाई पर रविवार को तुलसी जयंति मनाई गई जहां समिति के संरक्षक श्री उमाकांत शर्मा के द्वारा रामचरित मानस के रचियता विश्व के महान कवि तुलसीदास की जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसी का जीवन चरित्र हमारे लिये प्रेरणास्पद है रामचरित मानस महान ग्रंथ है जो हमें सनातनी रीति नीति और नियमो को सिखाता है आज के युवा राम चरित मानस से दूर होते जा रहे है उन्हें भी नित्य राम चरित मानस का पठन पाठन करना चाहिए वही उन्होने राम चरित मानस के प्रारंभिक श्लोको का वाचन एवं उनका हिन्दी अनुवाद भी विस्तार करके से सुनाया करके सुनाया, आज मानस के पठन में गायन विधा एवं नृत्य विधा बड़ी है यह भी भक्ति का एक स्वरूप है लेकिन मानस के श्लोको , चौपाईयो और दोहो को हिन्दी अर्थ सहित विस्तार से पड़ेगे तो बहुत कुछ नवीन सीखने को मिलेंगा इस अवसर पर सत्यनारायण शर्मा सहित समिति के अन्य सदस्यों के द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गयें साथ ही राम राज्यम कल्याण समिति के द्वारा सुरेन्द्र मोहन शर्मा घनश्याम विश्वकर्मा एवं अरूण भारती का सनातनी संस्कृति एवं हिन्दू जागृति के लिये किये जा रहें श्रेष्ठ कार्यो को लेकर सम्मान भी किया गया इस अवसर पर सरसिज शर्मा , सर्वेश शर्मा , दिनेश शर्मा , भारत सिंह राजपूत , रामेश्वर शर्मा , शिवकुमार मिश्रा , उदय यादव, दीनदयाल शर्मा , ललित चौरसिया , सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहें ।

**मेट्रो एंकर** — युवाओं ने नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने की शपथ ली

# बच्चों और युवाओं ने लिया नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प

**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के आव्हान पर 12 अगस्त को पूरे देश में एक साथ नशा मुक्त भारत अभियान के तहत संकल्प दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के मार्गदर्शन और सहयोग से सामाजिक संस्था अजंता ललित कला एवं समाज कल्याण समिति द्वारा साकेत एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्कूली बच्चों और युवाओं ने नशा मुक्त भारत अभियान बनाने को सफल बनाने हेतु शपथ ली।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी तेजी से नशे के गर्त में जा रही है। जिसे संवारने हेतु जागरूक करने की महती आवश्यकता है, उन्होंने बच्चों को नशा ना करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को सदाचरण और किताबें पढ़ने और उज्ज्वल भविष्य बनाने का नशा करना चाहिए। जिससे ना केवल उनका अपना भविष्य बनेगा बल्कि वे देश के विकास में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने आधुनिक प्रकार के नशा करने की तकनीक को रेखांकित करते हुए स्कूली बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ श्री पंकज जैन ने कहा कि आज के बच्चे देश का भविष्य हैं, जो नशा मुक्त होकर ही अपना भविष्य सुधार सकते हैं। उन्होंने बच्चों से ना केवल नशामुक्त होने का आव्हान किया बल्कि आस पड़ोस और समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोगी बनने का आव्हान किया।

कार्यक्रम में साकेत एमजीएम स्कूल के डायरेक्टर डॉक्टर कुशाग्र दीक्षित ने बच्चों को नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाते हुए नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। कार्यक्रम में साकेत स्कूल के डायरेक्टर श्री संजय पांडे ने भी बच्चों को नशे से दूर रहने और ईमानदारी से आदर्श विद्यार्थी बनने का आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन वेद प्रकाश शर्मा ने किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा आजादी के महापर्व की बेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतयां दी विद्यालय के प्राचार्य ने सभी अतिथियों तथा विभाग कके प्रति आभार व्यक्त किया।


**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल**

E-mail Id-mobhopal@gmail.com

क्रमॉक/ 1317/ खनिज/2024 | भोपाल, दिनॉक- 7/8/2024

**// प्रथम सूचना//**

**मप्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियत , 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/ पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए.**

यह सूचित किया जाता है कि सुष्मिता धुर्वे पुत्री श्री दसन धुर्वे निवासी मकान नं ग्राम सीमोरी तहसील भैसदेही जिला बैतूल म.प्र. ग्राम चंदेरी तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. द्वारा मुरूम खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑन लाईन आवेदन दिनांक 04/08/2024 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 08/09/2024 तक स क्षेत्र पर यथा स्थिति उत्खनिपट्टा/ पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किया जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | हुजूर | चंदेरी | 112/2/4 (एस) | 6.8650 हे. | शासकीय | मुरूम हेतु | कुल रकबा 6.8650 हे. |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन परत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05.30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. खनिज नियम 1996 के नियम -21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशत विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के अनियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

G-14789/24

**सह. खनिज अधिकारी**
**जिला भोपाल**

## सूजा मारकर अज्ञात युवक की हत्या, पीएम रिपोर्ट के बाद आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

तलैया पुलिस ने सुल्तानिया गेट के पास फुटपाथ पर युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का खुलासा कर दिया है। उसकी मौत पेट में सूज लगने से हुई थी। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर भिखारियों और रेन बसेरा में रहने वाले




लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि घटना की रात मृतक फूटपाथ पर रहने वाले संजय उर्फ गनिया के साथ विवाद करते हुए नजर आया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसने अपना गुनाह कबूल लिया है। पुलिस के अनुसार गत 30 जुलाई की रात करीब दस बजे एंबुलेंस एक युवक को पुराना सुल्तानिया अस्पताल के पास रेन बसेरा के सामने फुटपाथ से उठाकर हमीदिया अस्पताल ले गई थी। अस्पताल में डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पीएम के लिए मर्चूरी भेजा और उसकी शिनाख्त करने के प्रयास किए, लेकिन मृतक के पास न तो कोई दस्तावेज मिला था और न ही उसे कोई जानता था। लिहाजा कुछ समय इंतजार करने के बाद पुलिस ने उसे दफना दिया।

**पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि:** थाना प्रभारी चतुर्भुज राठौर ने बताया कि पीएम के समय डॉक्टर ने बताया था कि मृतक को पेट में सूजे जैसे हथियार का गहरा घांव है। संभवतः सूजा मारकर उसकी हत्या की गई है। बाद में पीएम रिपोर्ट में सूजा मारकर हत्या की पुष्टि हो गई। पीएम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया और इलाके में पूछताछ करते हुए संजय उर्फगनिया को गिरफ्तार कर लिया।

## शादी के तीन साल बाद ही नव विवाहिता ने लगाई फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित पीपुल्स अस्पताल परिसर में सोमवार रात एक नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



फांसी के फंदे पर लटका देख पति उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गया था, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसीपी निशातपुरा को सौंपी जाएगी। पुलिस के अनुसार आरती पति राजू मीणा (24) मूलतः आष्टा के गांव की रहने वाली थी। 3 साल पहले उसकी शादी राजू मीणा से हुई थी। राजू पीपुल्स अस्पताल में बायो मेडिकल इंजीनियर था और पत्नी के साथ परिसर में बने डॉक्टर के हॉस्टल में रहता था। उसने पुलिस को बताया कि सोमवार रात करीब सवा 9 बजे के आसपास आरती ने अपने कमरे में फांसी लगा ली थी। उसे फंदे पर लटका देख वह पीपुल्स अस्पताल ले गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल का निरीक्षण करने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। मायके पक्ष के बयान दर्ज किए जाएगे।

## यू-ट्यूब पर टॉस्क का जॉब देकर साढ़े 13 लाख रुपए की ठगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

यू-ट्यूब में वीडियो लाइक करने का टॉस्क देकर साइबर क्रिमिनल ने भोपाल के व्यक्ति को 13 लाख 43 हजार 500 रुपए की चपत लगा दी। साइबर क्राइम ब्रांच ने साइबर क्रिमिनल के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, रुचि लाइफ स्केप्स जाटखेड़ी होशंगाबाद रोड निवासी प्रवीण कुमार शर्मा प्राइवेट काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 7 मई 2023 को 12 बजे उनके वाट्सऐप पर एक अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया। इसके बाद उसने मैसेज कर पार्ट टाइम जॉब के बारे में बताया। जालसाज




ने यू-ट्यूब वीडियो लाइक करने का टॉस्क देने का झांसा दिया। इसके बाद उसने एआर वर्ल्डवाइड कंपनी से जुड़ी एंजेलिका निकोल नाम की लडकी से टेलीग्राम के जरिए संपर्क कराया। उसने खुद को एक रिसेप्शनिस्ट के रूप में परिचय दिया। बाद में एंजेलिका ने नेहा नाम की लड़की से मिलवाया। नेहा ने उन्हें एक कार्य के लिए 5 हजार रुपए भुगतान करने के लिए कहा। उन्होंने भुगतान कर दिए। इस तरह से उसने कई बार उनसे भुगतान कराया। बाद में मर्चेंट डेटा सुधार के लिए 4 लाख का भुगतान करने के लिए कहा। लालच दिया कि काम पूरा होने के बाद 1 लाख 40 हजार रुपए मिलेंगे। जब उन्होंने रिटर्न मांगा तो कहा कि मर्चेंट खाता फ्रीज हो गया। मर्चेंट खाता की सुरक्षा फीस के लिए 2 लाख 80 हजार रुपए फिर से लिए। इस राशि का भुगतान करने के बाद उन्होंने अपनी आईडी हटा दी और गायब हो गए।

### रहवासियों का आरोप, 15 साल से नहीं बदली गई थी केबल

# सपोर्टिंग जाल नहीं होने से टूटकर सड़क पर गिरी केबल, डॉक्टर की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सुंदर नगर में हाईटेंशन लाइन (11केवी) का केबल टूटकर गिर गया। केबल की चपेट में आने से होम्योपैथिक डॉक्टर उपेन्द्र तिवारी की मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से झुलसे हैं। घटना सोमवार रात करीब 10 बजे के आसपास की है। केबल डॉक्टर की बाइक पर गिरा। यह देख वह गाड़ी हटाने पहुंचे। तभी वह करंट की चपेट में आ गए। उन्हें बचाने के प्रयास में दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से झुलसे हैं। घायलों की अभी पहचान नहीं हो सकी है। पूरे मामले में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है।



पुलिस के अनुसार उपेन्द्र तिवारी की सुंदर नगर में डबल डीपी के पास क्लीनिक है। सोमवार रात वह पत्नी और मासूम बच्ची के साथ क्लीनिक पर बैठे थे। रात करीब 10 बजे उनकी क्लीनिक के पास से गुजरी हाईटेंशन लाइन का एक फेस का केबल टूटकर गिर गया। केबल गिरते ही तेज धमाके की आवाज आई। डॉक्टर तिवारी बाहर निकले। देखा कि उनकी बाइक में केबल गिरी है। वह बाइक को हटाने लगे। तभी वह करंट की चपेट में आ गए। गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें बचाने दो लोग पहुंचे। वह भी चपेट में आ गए। डॉक्टर को मेट्रो सिटी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टर ने चेक करते ही मृत घोषित कर दिया। टीआई हेमंत श्रीवास्तव ने बताया कि घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। उनका इलाज चल रहा है।

### एमपीईबी की लापरवाही में गंवाई जान

घटनास्थल के आसपास रहने वाले धर्मेंद्र साहू ने बताया कि पिछले पंद्रह साल से हाईटेंशन लाइन की केबल नहीं बदली गई। इससे पूर्व भी हाईटेंशन लाइन की केबल टूट चुकी है। विभाग द्वारा इसे बदलने की जगह सुधार दिया जाता है। इतना ही नहीं हाईटेंशन लाइन के नीचे सपोर्टिंग जाल भी नहीं लगाया गया है। इससे केबल टूटने के बाद सीधी नीचे आ जाती है।

***बिलख उठी पत्नी:*** हादसे के समय डॉक्टर की पत्नी क्लीनिक में मासूम बच्ची को लेकर बैठी थी, तभी अचानक लाइन की केबल टूटकर गिर गई। पति को सामने झुलसता देख पत्नी बिलखती रही। हादसे के बाद से सड़क से गुजरने वाले लोगों में दहशत का माहौल था।

## छत पर काम करते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया मजदूर, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित रुनाहा जोड़ पर छत पर पिल्लर काटकर सरिया निकाल रहा मजदूर ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से उसे करंट का तगड़ा झटका लगा था। साथी मजदूर उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार अशोक अहिरवार (25) गांव रुनाहा में रहता था। पेशे से मजदूर अशोक अहिरवार ने अपने साथी के साथ मिलकर मांगीलाल गुर्जर के निर्माणाधीन मकान का ठेका लिया था। अशोक कल सोमवार शाम मजदूरों के साथ छत पर पिल्लर बनाने के लिए सरिया काट रहा था। काम पूरा हो गया था। केवल आखिरी पिल्लर की सरिया काटी जानी थी। सरिया काटते समय अशोक ऊपर से गुजरी हाईटेंशन की लाइन की चपेट में आ गया। यह भी बताया जा रहा है कि वह सरिया उठाकर साइड में कर रहा था, तभी करीब चार फीट दूर से हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया।

## शराब माफियाओं ने की किसान के घर छापेमारी, जांच के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के खजूरी थाना क्षेत्र के सालम बरखेड़ा गांव में आबकारी अधिकारियों एवं अन्य शराब माफियाओं द्वारा एक किसान के घर में घुसकर छापेमारी करने के मामले में मप्र मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। इस दौरान शराब माफिया के गुंडों द्वारा किसान के घर का कीमती सामान, सोने एवं शादी के जेवर अपने साथ ले गए। तलाशी के दौरान आबकारी अधिकारी बाहर ही खड़े रहे, और माफियाओं ने तलाश के दौरान किसान के घर का सामान गायब कर दिया। आयोग ने पुलिस अधीक्षक, भोपाल देहात एवं जिला आबकारी अधिकारी, भोपाल को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही का जवाब मांगा है। इसी तरह भोपाल शहर के बड़ा तालाब में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर गंदा दूषित सीवेज का पानी मिलने का मामला सामने आया है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने नगर निगम आयुक्त और संचालक, मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जांच के निर्देश दिए हैं।

**इन मामलों में भी लिया संज्ञान:** आयोग ने भोपाल शहर के निशातपुरा स्थित सईद कॉलोनी के सड़क किनारे बने पुराना कुएं के क्षतिग्रस्त होने का मामला सामने आया है। कुएं के चारों तरफ की दीवार टूटकर धस गई है। बारिश के दिनों में कुएं में लबालब पानी होने से वह एक गड्ढे का रूप ले चुका है, इस कारण लोगों के साथ-साथ मवेशियों के लिये भी कुआं खतरा बना हुआ है। मामले में आयोग ने नगर निगम आयुक्त से जवाब मांगा है।?वहीं भोपाल शहर के अयोध्या नगर इलाके की मिनाल रेसीडेंसी में बीते बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात को दो मनचले बदमाश युवकों द्वारा एक छात्रा के फ्लैट में जबरन घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ मामले में पुलिस कमिश्नर से जांच कराकर कार्यवाही का प्रतिवेदन मांगा है।

## निःशुल्क कोचिंग संस्थान समुत्कर्ष का हुआ शुभारंभ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** विद्या भारती मध्यभारत प्रांत के हर्षवर्धन नगर स्थित प्रज्ञादीप में विद्या भारती (मध्य भारत प्रांत) से संबद्ध भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा स्व. अर्चना शुक्ला की स्मृति में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क कोचिंग संस्थान समुत्कर्ष का शुभारंभ किया। इस संस्थान का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा पूर्व तैयारी के लिए उच्चतम गुणवता वाली शिक्षा प्रदान करना है। यह कार्यक्रम मप्र शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार के मुख्य आतिथ्य व मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशोक पांडे की अध्यक्षता में एवं विशिष्ट अतिथ्य प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) संजय कुमार शुक्ल, प्रवेश एवं शुल्क नियामक समिति के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कॉन्हेरे, क्षेत्रीय संगठन मंत्री भालचंद्र रावले एवं भाऊराव देवरस सेवा न्यास के अध्यक्ष बनवारी लाल सक्सेना सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित में सम्पन्न हुआ।

## कांस्य पदक विजेता हॉकी टीम के खिलाड़ी डीएसपी को मिलेगा डीजी अवार्ड

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पुलिस मुख्यालय में सोमवार को डीजीपी सुधीर सक्सेना ने पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक विजेता रही भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी डीएसपी विवेक सागर प्रसाद को डीजी डिस्क अवार्ड प्रदान करने की घोषणा की। इस दौरान डीजीपी सक्सेना ने डीएसपी प्रसाद को सम्मानित किया। डीजीपी ने कहा कि डीएसपी प्रसाद ने मध्यप्रदेश पुलिस के साथ-साथ देश का नाम भी रोशन किया है। मध्यप्रदेश पुलिस के सभी खिलाड़ियों को उनसे प्रेरणा लेकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। इस अवसर पर स्पेशल डीजी (प्रशासन) विजय कटारिया, एडीजी (विसबल) साजिद फरीद शापू, एडीजी (योजना) विवेक शर्मा, डीआईजी (विसबल) अमित सांघी, पीएसओ टू डीजीपी एवं डीआईजी डॉ. विनीत कपूर और 7वीं वाहिनी विसबल के कमांडेंट हितेश चौधरी उपस्थित थे।



**डीजीपी सक्सेना ने दी शुभकामनाएं:** डीजीपी सुधीर सक्सेना ने कहा कि ओलिंपिक में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के साथ अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करना और दुनिया में भारत को विजयश्री दिलाना हम सभी के लिए गौरव का विषय है। भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी डीएसपी विवेक सागर प्रसाद ने उच्च कोटि के खेल का प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि के लिए डीजीपी सक्सेना ने डीएसपी विवेक सागर प्रसाद के साथ-साथ भारतीय हॉकी टीम के सभी खिलाड़ियों को भी बधाई और शुभकामनाएं दी।

## गर्लफ्रेंड के साथ कमरे में पकड़ा तो हो गया विवाद, दो दिन बाद चाकू मारा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित जागृति स्कूल के पास चार बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू युवक को दाहिने पैर के घुटने के पास लगा है। पुलिस के अनुसार मयूर श्रीवास्तव (24) जागृति स्कूल के पास रूप नगर झुग्गी में रहता है और प्राइवेट काम करता है। दो दिन पहले वह अपनी गर्लफ्रेंड के साथ कमरे पर था। इसी दौरान राहुल राय, विक्रम सिंह, राजा विश्वकर्मा समेत विक्की पहुंचे और कमरे पर गर्लफ्रेंड लाने का विरोध करने लगे। इस दौरान विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ऐशबाग थाने पहुंचे थे, वहां दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया और शिकायत दर्ज नहीं कराई। विवाद के बाद से मयूर और आरोपियों की रंजिश हो गई थी। रंजिश के चलते आरोपी सोमवार तड़के साढ़े तीन बजे मयूर के रूम पहुंचे और उससे मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने उस पर चाकू से भी हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि फरियादी और आरोपी दोनों ही पक्ष आपराधिक प्रवृत्ति के हैं।

**मेट्रो एंकर**

### रेलवे द्वारा यात्रियों के लिए ट्रेन में ही खान-पान की सुविधा उपलब्ध कराई गई

# बड़ा रेल हादसा टला, इटारसी स्टेशन पर स्पेशल यात्री ट्रेन पटरी से उतरी

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।** सोमवार को गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति-सहरसा स्पेशल ट्रेन के शाम 18.10 बजे इटारसी स्टेशन पहुँचने पर, प्लेटफार्म 2पर जाते समय पटरी से उतर गई। गाड़ी के बी1 और बी 2 कोच पटरी से उतरे थे, हालांकि इस घटना से कोई भी जान माल की हानि नहीं हुई ई घटना के बाद स्थानीय रेलवे अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुँचे और दुर्घटना राहत दल को बुलाया, सूचना मिलते ही भोपाल मंडल के उच्च अधिकारी इटारसी स्टेशन की ओर रवाना हो गए एवं मुख्यालय के उच्च अधिकारी कंट्रोल ऑफिस में पहुंच गए और सुधार कार्यों की सतत निगरानी की गयी।

रेलवे द्वारा यात्रियों के लिए ट्रेन में ही खान-पान की सुविधा उपलब्ध करायी गयी, ट्रेन के बी 1और बी 2 कोच को ट्रैन से अलग किया गया, इसके बाद इन डिब्बो के यात्रियों को दूसरे डिब्बो में शिफ्ट करके ट्रेन को रात लगभग 9 बजे रवाना किया गया। इस घटना के दौरान करीब 1 घंटे तक लगभग आधा दर्जन ट्रेनों को रोका गया, वहीं कई ट्रेनों को मालगाड़ी वाले रूट से थ्रू निकाला गया। इस दौरान रेलवे के स्थानीय सभी अधिकारी,आरपीएफ और जीआरपी स्टॉप, दुर्घटना राहत डाल के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

***बड़ा हादसा टला:*** प्लेटफार्म नंबर दो पर आ रही 01663 रानी कमलापति सहसरा स्पेशल ट्रेन की गति अगर तेज होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। जान माल की हानि के साथ रेलवे यातायात पूर्णतया बाधित हो जाता।

***यह ट्रेन है हुई प्रभावित:*** इस दौरान गाड़ी संख्या 09065 सूरत - छपरा स्पेशल ट्रेन का मार्ग परिवर्तित कर बीना - सागर - कटनी होते हुए गंतव्य की ओर रवाना किया गया द्व इसके आलावा अन्य सभी गाड़ियाँ अपने निर्धारित रूट से चलायी जा रही हैं एवं रेल संचालन सुचारू रूप से चालू कर दिया गया है।




**जाहिर आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ओमप्रकाश जैन आत्मज अमरचंद जैन निवासी मालवीयगंज इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम म.प्र. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित क्षेत्र मेहरागांव शहर इटारसी प.ह.न. 9/13 शीट नं. 21 खसरा नं. 68/1/2/2/56 प्लाट नं. 1/6/2 रकवा 1500 वर्गफुट जिसकी चतुर्थ सीमा विक्रय अनुबंध पत्र अनुसार पूर्व में गिरधारी चौरे का प्लाट पश्चिम में रोड उत्तर में रोड दक्षिण में चौधरी जी का मकान एवं विक्रय पत्र अनुसार पूर्व में शैलजा पटैल पश्चिम में रोड उत्तर में रोड दक्षिण में विक्रेता का प्लाट जो वार्ड नं. 20 सतीश जैन एरिया मालवीयगंज इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम म.प्र. में स्थित है।

मेरे पक्षकार ने उक्त संपत्ति क्रय किये जाने का सौदा भूमि स्वामी से तय कर विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित कर बयाना राशि अदा की है। यदि उक्त प्लाट के स्वामित्व के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, वारिस, उत्तराधिकारी, बैंक, सोसायटी, नजूल, म.प्र. शासन, शासकीय अथवा अशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व आधिपत्य, हित, ऋण, बंधक, भार, विलियन अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेजो के साथ इस सूचना प्रकाशन के 03 दिवस की अवधि के अंदर मुझे मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। उपरोक्त समय अवधि समाप्त हो जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीयन तत्पश्चात नामांतरण अपने पक्ष में करवाने को स्वतंत्र होगा।

दिनांक 09/08/2024

स्थान- इटारसी

**भवदीय - निधि चौहान, अधिवक्ता**
**सेन्ट्रल बैंक के सामने, देशबंधुपुरा**
**इटारसी मो. नं. 9691332295**


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022